राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 विराट कोहली ने फिर लगाए मैदान...

हिमाचल में उपचुनाव के नतीजों पर... 12

वर्ष : 14 | अंक : 311 | नई दिल्ली, रविवार, 24 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 26°C
न्यूनतम तापमान 220°C

**बाजार**

सोना 68,255

चांदी 78,700

सेंसेक्स 72,832

निफ्टी 22,096

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी ने लोहिया व स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया को उनकी 114वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए शनिवार को कहा कि वह स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के बाद स्वतंत्र भारत में राजनीति के एक स्तंभ थे। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा कि लोहिया को उनके मजबूत समाजवादी विचारों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में जन्मे लोहिया को पारंपरिक रूप से वंचित समुदायों के सशक्तीकरण पर केंद्रित राजनीति को आकार देने और उस समय प्रमुख दल कांग्रेस के खिलाफ विपक्षी ताकतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है। मोदी ने एक अन्य पोस्ट में क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें लाहौर षड्यंत्र मामले में उनकी भूमिका के लिए अंग्रेजों ने फांसी दे दी थी। मोदी ने शहीद दिवस पर तीनों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, देश मां भारती के इन सच्चे सपूतों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद करता है। इन तीनों क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए हाथ मिलाया था। सिंह ने अप्रैल 1929 में सेंट्रल असेंबली में बम फेंका था। बम फेंकने का उद्देश्य किसी को मारना नहीं बल्कि अपना विरोध दर्ज कराना था। इन तीनों को आज ही के दिन 1931 में फांसी दे दी गई थी। उस समय उन तीनों की उम्र 25 वर्ष से कम थी।

### झारखंड मे बस-ट्रक के बीच टक्कर में पांच की मौत

रांची। झारखंड के लोहरदगा जिले में कुडू के पास शुक्रवार रात बारातियों से भरी बस और हाइवा ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में तीन बच्चे शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल करीब एक दर्जन लोगों को इलाज के लिए रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया है। बारातियों से भरी बस रांची के बोड़ेया से गुमला के विशुनपुर लौट रही थी। रात करीब दस बजे कुडू में टाटी चौक के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की बस से सीधी भिड़ंत हो गई। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, तब घायलों को बस से निकालकर इलाज के लिए लोहरदगा और रांची भेज दिया गया।

# पीएम मोदी ने भारत की मदद से भूटान में बने अस्पताल का किया उद्घाटन

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान में अपने समकक्ष शेरिंग टोबगे के साथ ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने अस्पताल को अत्याधुनिक बताया, जो भारत की सहायता से बनाया गया है। पीएम मोदी ने कई परिवारों के लिए आशा की किरण बताया। पीएम मोदी ने कहा, ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर कई परिवारों के लिए आशा की किरण है। यह सुविधा एक स्वस्थ भावी पीढ़ी के पोषण की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

भारत सरकार ने 150 बेड के इस अस्पताल को बनाने में हर सभंव सहायता दी है। अस्पताल के पहले चरण के निर्माण में 22 करोड़ की लागत आई थी, जो 2019 से ही चालू है। अस्पताल के दूसरे चरण का निर्माण कार्य 2019 में शुरू किया गया था। वहीं, 12वीं पंचवर्षीय योजना के हिस्से के रूप में 119 करोड़ की लागत से अब अस्पताल को पूरा किया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, यह अस्पताल बच्चों और माताओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, अस्पताल में बाल चिकित्सा, स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान, एनेस्थिसियोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर, नवजात देखभाल और बाल चिकित्सा देखभाल के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। बात दें कि शुक्रवार को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किए गए पीएम मोदी ने आने वाले पांच वर्षों में हिमालयी राष्ट्र के लिए 10,000 करोड़ रुपये की सहायता की भी घोषणा की है। उनकी यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के अनुरूप है।




### भारत और भूटान की साझेदारी जल-जमीन तक सीमित नहीं

थिम्पू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान भूटान के टेंड्रेलथांग फेस्टिवल ग्राउंड में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-भूटान साझेदारी जमीन और पानी तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने कहा, भूटान अब अपने अंतरिक्ष अभियानों में भारत का भागीदार है। भूटान के वैज्ञानिकों ने इसरो के सहयोग से उपग्रह लॉन्च किए हैं। उन्होंने कहा कि हम दूसरे की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आने वाले पांच साल भारत-भूटान संबंधों में नई ऊर्जा लाएंगे। मोदी ने कहा आपके लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भारत बीबी-ब्रांड भूटान और भूटान बिलीव के लिए आपके साथ खड़ा है। हम कनेक्टिविटी, बुनियादी ढांचे, व्यापार और ऊर्जा क्षेत्रों में रास्ते बनाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और भूटान के युवाओं की आकांक्षाएं और लक्ष्य एक हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 2047 तक एक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है, जबकि भूटान ने 2034 तक उच्च आय वाला देश बनने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। आज की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने के लिए हमने 25 साल के अमृतकाल का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। भूटान हमारी इस यात्रा में एक मजबूत भागीदार बनेगा। पीएम मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से भी सम्मानित भी किया गया है, जिससे वह भूटान का यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले पहले विदेशी नेता बन गए। मोदी को यह पुरस्कार भारत-भूटान संबंधों के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान और भूटानी राष्ट्र और लोगों के लिए उनकी विशिष्ट सेवा के लिए दिया गया है।

# दिल्ली में 'आप' कार्यालय 'सील' किया गया, निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाएंगे मामला : आतिशी

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली में पार्टी का कार्यालय सभी ओर से "सील" कर दिया गया है और पार्टी निर्वाचन आयोग को इस मामले की शिकायत करेगी।

आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी कार्यालय को "सील" करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह संविधान द्वारा दिए गए "समान अवसरों" के खिलाफ है।

दिल्ली की मंत्री ने कहा, "लोकसभा चुनाव के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के कार्यालय को कैसे बंद किया जा सकता है? यह भारतीय संविधान में दिए 'समान अवसर' के खिलाफ है। हम इसके खिलाफ शिकायत करने के लिए निर्वाचन आयोग से वक्त मांग रहे हैं।" 'आप' के एक अन्य वरिष्ठ नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पार्टी कार्यालय के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, "हम निर्वाचन आयोग जाएंगे, केंद्र सरकार ने आईटीओ पर 'आप' के मुख्य कार्यालय के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए हैं, वह भी आदर्श आचार संहिता लागू होते हुए।" मध्य दिल्ली में आईटीओ के समीप डीडीयू मार्ग पर 'आप' कार्यालय को भी शुक्रवार को पार्टी नेताओं तथा स्वयंसेवकों के भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन के दौरान बंद कर दिया गया था। पंडित दीन दयाल मार्ग (डीडीयू) पर ही भाजपा और आप के मुख्यालय स्थित हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब निरस्त की जा चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले के संबंध में गिरफ्तार किए जाने के बाद 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया गया है।



### पत्नी सुनीता ने पढ़ा केजरीवाल का संदेश, कहा- जल्द वापस आऊंगा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में जाने के बाद आज उनकी पत्नी ने उन्हीं के अंदाज में एक वीडियो संदेश जारी किया। इसमें सुनीता ने पति केजरीवाल की वापसी की आशा व्यक्त की और कहा कि उनके किए सभी वादे पूरे होंगे जिसमें दिल्ली की महिलाओं को एक हजार रुपये देना भी शामिल है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाला मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी रिमांड पर भेज दिया जिसके बाद आम आदमी पार्टी लगातार इस कार्रवाई को गलत बता रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया जिसमें मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि 'जिंदगी के हर पल देश को समर्पित, मैं जल्द ही बाहर आऊंगा, जल्द ही सारे किये वादे पूरे करूंगा, समाजसेवा का काम नहीं रुकना चाहिए।' सुनीता केजरीवाल ने कुल 3 मिनट 13 सेकंड में पति अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़कर सुनाया। सुनीता ने कहा कि वो अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी हैं और आज वो आपके बेटे, आपके भाई अरविंद केजरीवाल के जेल से आपके नाम दिए गये संदेश को पढ़ने के लिए सामने आई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल के संदेश में कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, मुझे कल गिरफ्तार कर लिया गया। मैं अंदर हूं या बाहर, हर पल देश की सेवा करता रहूंगा। मेरी जिंदगी का एक-एक पल देश के लिए समर्पित है। मेरे शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए है। पृथ्वी पर मेरा जन्म ही संघर्ष के लिए हुआ है। आज तक बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े-बड़े संघर्ष लिखे हैं। इसीलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचंभित नहीं करती। ₹आपसे बहुत प्यार मिला है। पिछले जन्म में जरूर बहुत पुण्य किए होंगे कि भारत जैसे महान देश में मैं पैदा हुआ। हमें मिलकर फिर से भारत को महान बनाना है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली और नंबर वन देश बनाना है।

# नामांकन भरने से पहले पूर्व सीएम मांझी गए भगवान श्रीराम की शरण में

प्रात: किरण

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संस्थापक जीतन राम मांझी गया के चुनावी समर में उतरने से पहले भगवान श्री राम की शरण में पहुंचे हैं। शनिवार को वे अयोध्या में भगवान श्री राम लला के दर्शन के लिए रवाना हुए। उन्होंने इसकी जानकारी एक्स पर दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि रामलला दर्शन के लिए निकल चुका हूं, अगली मुलाकात अयोध्या में होगी। जय श्री राम। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत गया सीट हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के कोटे में गई है। मांझी खुद यहां से चुनाव लड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को अयोध्या जा रहे हैं और वहां पूजा करने के बाद 28 मार्च को गया लोकसभा सीट से नामांकन करेंगे। मांझी ने अयोध्या मन्दिर निर्माण को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा था कि आज अयोध्या बन गया है। रामलला के विराजमान होने से अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक स्थल बन गया है। वहां लाखों लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है।



# हिप्र में कांग्रेस के छह बागी नेता समेत नौ पूर्व विधायक भाजपा में शामिल

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के छह अयोग्य विधायक और इस्तीफा दे चुके तीन निर्दलीयों समेत नौ पूर्व विधायक शनिवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। पूर्व विधायकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसके सत्ता में आने के बाद से विकास कार्य बाधित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पूर्व विधायक पार्टी में शामिल हुए। इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी। उन्होंने राज्य में कांग्रेस सरकार पर अपने वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया जिससे लोगों के बीच आक्रोश है। ठाकुर ने कहा कि इन नेताओं ने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था जो कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश को दशार्ता है। कांग्रेस के जो छह बागी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। ये सभी कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे और इन्हें हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उपस्थित रहने तथा कटौती प्रस्ताव व बजट के दौरान राज्य सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था। तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के एल ठाकुर ने शुक्रवार को अपने इस्तीफे सौंपे थे और वे भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। होशियार सिंह ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा का हिस्सा होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से राज्य में विकास कार्य रुक गए हैं।




# मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी चीन से लाया गया भारत

प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई/नई दिल्ली। कुख्यात गैंगस्टर प्रसाद विट्ठल पुजारी को मुंबई पुलिस चीन से वापस मुंबई ले आई। कई वर्षों से फरार चल रहे पुजारी के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। पुलिस के मुताबिक प्रसाद पुजारी 2008 से चीन में अस्थायी निवास वीजा पर रह रहा था। भारतीय एजेंसियों की पकड़ से बचने के लिए पुजारी ने एक चीनी महिला से शादी भी कर ली थी। चीन उसे मुंबई पुलिस को सौंपने के लिए सहमत हो गया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों की एक टीम 44 वर्षीय पुजारी को शनिवार सुबह फ्लाइट से लेकर मुंबई पहुंची और उसे लॉक-अप में ले जाया गया। कुमार पिल्लई गिरोह का सदस्य पुजारी कई गंभीर अपराधों के मामलों में फरार था। उसका नाम शिवसेना के एक पदाधिकारी की हत्या के असफल प्रयास, अपहरण, मौत की धमकी और मुंबई तथा अन्य स्थानों पर प्रमुख लोगों को निशाना बनाने वाले जबरन वसूली गिरोह में सामने आया था। प्रसाद पुजारी उत्तर-पूर्वी मुंबई के विक्रोली का निवासी है।

# मुंबई लाए गए 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरे, नौसेना ने किया पुलिस के हवाले

प्रात: किरण

मुंबई। अरब सागर में भारतीय नौसेना के एक अभियान के दौरान पकड़े गए 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को शनिवार सुबह आईएनएस-कोलकाता से मुंबई लाया गया। नौसेना ने इन्हें मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन संकल्प के तहत की गई। इस अभियान के तहत नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। नौसेना के मुताबिक 14 दिसंबर को सोमालियाई समुद्री लुटेरों ने माल्टा के जहाज को हाईजैक कर लिया था। उसको बचाने के लिए 15 मार्च को भारतीय नौसेना का हेलिकॉप्टर उसके करीब पहुंचा था। इस दौरान समुद्री लुटेरों ने हेलीकॉप्टर पर फायरिंग शुरू कर दी थी। नौसेना ने लुटेरों से सरेंडर करने को कहा था। 16 मार्च को इन लुटेरों ने नौसेना के समक्ष सरेंडर कर दिया। इस अभियान में भारतीय नौसेना को माल्टा के जहाज के चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित बचाने में सफलता मिली थी। नौसेना के मुताबिक उनकी कार्रवाई के दौरान 35 समुद्री लुटेरों ने सरेंडर कर दिया और 17 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाला गया। यह अभियान 40 घंटे



# देश में सभी मुद्दों का समाधान मध्यस्थता से निकाला जाता रहा है: न्यायमूर्ति मित्तल

प्रात: किरण

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पंकज मित्तल ने कहा है कि धार्मिक हों या राष्ट्रीय मुद्दे, देश में उनका समाधान मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) के जरिये निकाला जाता रहा है। न्यायमूर्ति मित्तल ने शनिवार को यहां महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की ओर से आयोजित जस्टिस जे एस वर्मा मेमोरियल वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) प्रतियोगिता में कहा कि अब न्याय क्षेत्र में भारतीयता के अनुरूप बदलाव हो रहे हैं। आम जन को न्याय अब उनकी भाषा में सुलभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो युवा एडीआर के क्षेत्र में अपनी सेवा देने का इरादा रखते हैं, उनके लिये आने वाला समय बहुत बड़ा अवसर है, पर इसके लिये हमें बहुत ही समर्पित कानूनी पेशेवर चाहिये। उन्होंने मेम्स द्वारा आयोजित सात दिवसीय लॉ फेस्ट की सराहना की और कहा कि यहां युवाओं को लॉ क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दिये जाते हैं। उन्होंने न्यायालय में वकील और न्यायाधीश के बीच में संवाद पर कहा कि कई बार मामले की सुनवाई में ऐसा होता है कि वकील सीमा लांघ जाते हैं।

# देश को क्षयरोग मुक्त बनाने के लिए सभी मिलकर काम करें: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्व क्षय रोग दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को कहा कि यह दिन टीबी की शीघ्र पहचान, उपचार और रोकथाम के महत्व को याद दिलाने का काम करता है। उन्होंने भारत को क्षयरोग मुक्त बनाने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने हर साल 24 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा है कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि क्षयरोग के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 24 मार्च को विश्व क्षयरोग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को टीबी के वैश्विक प्रभाव के बारे में जागरूक करना, बीमारी को नियंत्रित करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इससे निपटने के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। यह दिन टीबी की शीघ्र पहचान, उपचार और रोकथाम के महत्व की भी याद दिलाने का काम करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं सभी से क्षयरोग मुक्त भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह करती हूं।



**उपलब्धियां** — एडमिरल ने ऑपरेशन संकल्प के 100 दिन पूरे होने पर नौसेना की गिनाईं अहम उपलब्धियां

# महासागरों में समुद्री डकैतियों को हर हाल में रोकेगी नौसेना : हरि

- भारतीय समुद्री क्षेत्र सुरक्षित होने तक हौथी विद्रोहियों और सोमालियाई

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर में फिर से समुद्री डाकुओं की गतिविधियां बढ़ने पर चिंता जताई है। उद्योग के रूप में उभरी समुद्री डकैतियों को रोकने के लिए नौसेना ने समुद्र की गहराई में ह्यऑपरेशन संकल्पह्न चलाया है, जिसके सौ दिन पूरे होने पर उन्होंने कहा कि भारतीय समुद्री क्षेत्र सुरक्षित होने तक नौसेना हौथी विद्रोहियों और सोमालियाई डाकुओं के खिलाफ कार्रवाई करना जारी रखेगी। दिल्ली में नवनिर्मित मुख्यालय नौसेना भवन में पहली बार मीडिया को संबोधित करते हुए एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि यह अत्याधुनिक भवन नौसेना की आधुनिक कहानी को भी बयां करता है। यह भवन नए भारत की नई नौसेना का भी प्रतीक है। पूरे परिसर के वास्तुशिल्प डिजाइन को अखिल भारतीय स्तर पर कठिन प्रतिस्पर्धा के माध्यम से चुना गया था। नौसेना ने अपना पहला स्वतंत्र मुख्यालय दिल्ली में स्थापित किया है। इससे पहले नौसेना 13 अलग-अलग स्थानों से संचालित होती थी। केंद्रीय और तकनीकी रूप से उन्नत मुख्यालय के निर्माण में आधुनिक सुविधाओं और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है। उन्होंने इजराइल-हमास संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि इसके बाद से ही भारत से घिरे समुद्री क्षेत्र में पिछले साल दिसंबर से डकैतियों और विदेशी जहाजों के अपहरण की घटनाएं बढ़ी हैं। ड्रोन रोधी, मिसाइल रोधी और समुद्री डकैती रोधी हमलों के खिलाफ भारतीय नौसेना के ऑपरेशन संकल्प के सौ दिन पूरे होने पर उन्होंने मीडिया से जानकारी साझा की। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हालांकि इस दौरान समुद्री डाकुओं ने किसी भी भारतीय जहाज को निशाना नहीं बनाया लेकिन हौथी विद्रोही इजराइल से जुड़े व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे थे। वे यूके और यूएस जैसे पश्चिमी देशों के झंडे वाले जहाजों को भी निशाना बना रहे हैं। नौसेना प्रमुख ने बताया कि हमने यह ऑपरेशन इसलिए चलाया है, क्योंकि अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर में हौथी विद्रोहियों के निशाने पर आने वाले विदेशी व्यापारिक जहाजों में से अधिकांश पर भारतीय चालक दल हैं। एडमिरल हरि कुमार ने समुद्री डकैती अधिनियम-2022 के बारे में बताया कि इसने भारतीय नौसेना को समुद्री डाकुओं के जहाजों को कब्जे में लेने, उन पर चढ़ने और उनकी खोज करने में सक्षम बना दिया है। हमने ऑपरेशन संकल्प के तहत एंटी पाइरेसी, एंटी मिसाइल और एंटी ड्रोन ऑपरेशन के लिए पूरे क्षेत्र में 10 युद्धपोत तैनात किए हैं। इनका कार्य व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित रूप से तटों तक पहुंचने के लिए सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना है। हमारे जहाज वहां तैनात हैं, जहां से वे पहले उत्तरदाता के रूप में हमलों या घटनाओं का जवाब दे सकते हैं। एक सवाल के जवाब में एडमिरल हरि कुमार ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में बुल्गारिया के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी रुएन का सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने कब्जे में लिया था, जो 2017 के बाद से देश के तट से किसी जहाज का पहला सफल अपहरण था।



राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार,24 मार्च, 2024

# केजरीवाल ने जेल से देशवासियों को भेजा संदेश, ढेरों शक्तियां भारत को कमजोर करना चाहती हैं, इन्हें पहचानकर हराना है

## केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर उनके संदेश को पढ़कर देशवासियों को सुनाया

- पृथ्वी पर मेरा जन्म ही संघर्ष के लिए हुआ है, इसलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचम्भित नहीं करती है- केजरीवाल
- मेरी माताएं-बहनें भरोसा रखें, मैं जल्द बाहर आउंगा और एक हजार रुपए महीना देने का अपना वादा पूरा करूंगा- केजरीवाल
- ऐसी सलाखें नहीं, जो आपके बेटे और भाई को ज्यादा दिन अंदर रख सकें, आपका बेटा और भाई लोहे का बना है- केजरीवाल



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने जेल से दिल्ली व देशवासियों के नाम संदेश भेजा है। अरविंद केजरीवाल का देशवासियों को संबोधित यह पहला संदेश है। शनिवार को सीएम की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर उनके संदेश को पढ़कर देशवासियों को सुनाया। सीएम केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा है कि भारत के अंदर और बाहर ढ़ेरों शक्तियां हैं, जो भारत को कमजोर करना चाहती हैं, हमें सचेत रहकर इन्हें पहचाना और हराना है। भारत में ढेरों देशभक्त हैं, जो देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हमें इनसे जुड़कर भारत को दुनिया का नंबर-1 देश बनाना है। उन्होंने दिल्ली की माताओं-बहनों से कहा है कि ऐसी सलाखें नहीं, जो आपके बेटे और भाई को ज्यादा दिन अंदर रख सकें। आप मुझ पर भरोसा रखें। मैं जल्द बाहर आउंगा और एक हजार रुपए महीना देने का अपना वादा पूरा करूंगा।

सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली और देशवासियों को संबोधित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आपके बेटे और भाई अरविंद केजरीवाल ने जेल से आपके लिए संदेश भेजा है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा है कि मेरे प्यारे देशवासियों, मुझे कल गिरफ्तार कर लिया गया। मैं अंदर रहूं या बाहर रहूं, हर पल देश के लिए सेवा करते रहूंगा। मेरी जिंदगी का एक-एक पल देश के लिए समर्पित है, मेरी जिंदगी का एक-एक कतरा देश के लिए है। इस पृथ्वी पर मेरा जन्म ही संघर्ष के लिए हुआ है। आजतक बहुत संघर्ष किए, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े-बड़े संघर्ष लिखे हैं। इसलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचम्भित नहीं करती है।

सुनीता केजरीवाल ने सीएम का संदेश बताया कि आप से मुझे बहुत प्यार मिला है। पिछले जन्म में जरूर मैंने बहुत पुण्य किए होंगे, जो मैं भारत जैसे महान देश में पैदा हुआ हूं। हमें मिलकर फिर से भारत को महान बनाना है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली और नंबर वन देश बनाना है। भारत के अंदर और बाहर ढेरों ऐसी शक्तियां हैं जो भारत को कमजोर कर रही हैं। हमें सचेत रहकर इन शक्तियों को पहचानना और हराना है। भारत के अंदर ही ऐसे ढेरों ताकतें हैं जो देशभक्त हैं और देश को आगे बढ़ाना चाहती हैं। इन ताकतों के साथ जुड़ना है और इन्हें और मजबूत करना है।

सुनीता केजरीवाल ने सीएम के हवाले से बताया कि दिल्ली की मेरी मां-बहनें सोच रही होंगी कि केजरीवाल तो अंदर चला गया, पता नहीं अब हजार रुपए मिलेंगे या नहीं। मेरी सभी माताओं और बहनों से अपील है कि अपने बेटे और भाई पर भरोसा रखें। ऐसी सलाखें नहीं जो आपके बेटे और भाई को ज्यादा दिन अंदर रख सकें। मैं जल्द बाहर आउंगा और अपना वादा पूरा करूंगा। क्या आजतक कभी हुआ कि केजरीवाल ने कोई वादा किया और उसे पूरा नहीं किया। आपका भाई-आपका बेटा लोहे का बना है। बहुत मजबूत है।

सीएम केजरीवाल ने अपने संदेश में देशवासियों से विनती की है कि आप सभी एक बार मंदिर जरूर जाना और भगवान से मेरी लिए आशीर्वाद मांगना। देश के करोड़ों लोगों की दुआएं मेरे साथ है और यही मेरी ताकत है। आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकताओं से भी मेरी अपील है कि मेरे अंदर जाने से समाज सेवा और लोकसेवा का काम रूकना नहीं चाहिए। और हां, इस वजह से भाजपा वालों से भी नफरत नहीं करनी है। वे सब हमारे भाई-बहन हैं। मैं जल्द लौट कर वापस आउंगा। आपका अपना अरविंद।

## जगुआर पेट्रोलिंग टीम ने पकड़ा दो स्कूटी चोर



संवाददाता

सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के जगुआर पेट्रोलिंग की पुलिस टीम ने दो स्कूटी चोर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। जो बिंदापुर थाना इलाके से चुराई गई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रधान सिंह और अभिषेक के रूप में हुई है। यह दोनों आरोपी आरके पुरम और मुबारकपुर दिल्ली के रहने वाले हैं। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि देर रात जब पुलिस टीम पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान यह दोनों स्कूटी सवार आईटीओ से डीडीयू मार्ग पर पहुंचे थे और पुलिस टीम को देखते ही स्कूटी का यूटर्न करके भागने लगे। पुलिस टीम ने काफी दूर तक पीछा किया और पकड़ा। फिर इन दोनों की पहचान की गई और जिस स्कूटी से भाग रहे थे, वह बिंदापुर थाना इलाके से चोरी की निकली। पुलिस ने दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है और चोरी की स्कूटी को बरामद कर लिया है।

## ध्रुवपद गायन परंपरा व वायलिन वादन की मनमोहक जुगलबंदी



- पंडित नरहरि पाठक मल्लिक जन्मशताब्दी संगीत समारोह में फाग परंपरा की झलक

नई दिल्ली। ध्रुपद गायन संगीत परंपरा की वाहक व दरभंगा घराने की विशिष्ट गायन शैली की अनोखी जुगलबंदी श्रोताओं को रसरंजित कर गई। दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सैंटर स्थित अमलतास सभागार में स्वामी हरिदास परंपरा के संवाहक व दरभंगा घराने के महान गायक स्वर्गीय पंडित नरहरि पाठक मल्लिक के जन्मशताब्दी संगीत समारोह में ध्रुवपद गायन और वायलिन वादन ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस संगीतमय सुरमयी शाम की शुरूआत पंडित बृजभूषण गोस्वामी ने ध्रुपद गायन से की। उसके उपरांत उन्होंने आलाप, विस्तृत आलाप, धमार में बाल ऐरि घप बाजन लागे के बाद छंद, ऋचा गायन के साथ-साथ राग बंदिश में तेवरा ताल में निबद्ध बंदिश को प्रस्तुत किया। ध्रुवपद का आलाप, होली के बाद राग यमन में धमार के साथ उन्होंने अपने गायन को विराम दिया।

वृंदावन की ध्रुवपद शैली, हवेली संगीत परंपरा और तानसेन की रचनाओं के साथ तैयार किया गया पंडित गोस्वामी का ध्रुवपद गायन कर्णप्रिय रहा। इस विशेष प्रस्तुति में उनके साथ पखावज पर पंडित मनमोहन नायक, सारंगी में पंडित घनश्याम सिसोदिया, सारंगी पर पंडित घनश्याम सिसोदिया ने बेहतरीन संगत दी। इस संगीतमय शाम की दूसरी प्रस्तुति में दिल्ली के प्रख्यात वायलिन वादक पंडित संतोष नाहर और तबला वादक पंडित प्रदीप कुमार सरकार की जुगलबंदी की कमाल की रही। संतोष नाहर ने ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी, ढप के साथ एक ताल, तीन ताल, द्रुत, स्वर आलाप, द्रुत में अलंकारी तानों के अलावा सम्राट की ताल, गमक, गायकी, वादन तंत्र का सुंदर सुमेल की मनोरम प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। पखावज पर पंडित मोहन नायक, सारंगी में पंडित घनश्याम सिसोदिया ने भी सधी हुई संगत की। तानपुरे पर सरदार बूटा सिंह और भव्या शास्वत से सुंदर संगत की।

ध्रुपद गायक डाक्टर प्रभाकर मल्लिक ने दरभंगा घराने के सुप्रसिद्ध ध्रुवपद गायन परंपरा के बारे में श्रोताओं को अवगत कराते हुए कहा कि पंडित नरहरि पाठक मल्लिक के घराने की परंपरा लगभग 1442 से चली आ रही है। डाक्टर प्रभाकर ने दरभंगा राजदरबार के राज गायक पंडित क्षितिपाल मल्लिक की गायन शैली, ध्रुवपद ख्याल गायिकी के बारे में भी सुधि श्रोताओं को बताया। कार्यक्रम में कलाकारों का परिचय मंच संचालिका ज्योति ने बारी-बारी से दी। इस अवसर पर यूएसए से विशेष रूप से पधारे शेखर गुप्ता, संगीत विशेषज्ञ विजय शेखर, लक्ष्मी नारायण पाठक, प्रहलाद मिश्रा सहित संगीत व कला क्षेत्र की दिग्गज नामचीन हस्तियां उपस्थित थीं।

## दुबई से आता कॉल, 5 वी पास अउ मेकेनिक ने पढ़े लिखे को लगाया करोड़ों का चूना

- 7 बैंक अकाउंट में 3.50 करोड़ का ट्रांजेक्शन
- देश भर में 50 से ज्यादा शिकायत
- वर्क फ्रॉम होम और इन्वेष्टमेंट के बदले हाई रिटर्न का देता लालच



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पश्चिमी जिला के साइबर थाना की पुलिस टीम ने करोड़ों के चीटिंग के ऐसे मामले का खुलासा करके मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। जिसने चीटिंग के अमाउंट को छुपाने के लिए अलग-अलग सात बैंक अकाउंट खोल रखा था। उस अकाउंट की जांच में पुलिस को 3:50 करोड़ रुपए ट्रांजैक्शन का पता चला है, जो कुछ ही महीनों में इकट्ठा किए गए थे। इस अकाउंट को लेकर पुलिस के पास देश के कई राज्यों से 50 कंप्लेंट पहले से दर्ज है। यह मास्टरमाइंड भोले भाले बिजनेसमैन को टारगेट करता था। उन्हें इन्वेस्टमेंट के बदले हाई प्रॉफिट दिलाने का लालच देता था। गिरफ्तार चीटर की पहचान शाहरुख खान के रूप में हुई है। वह दिल्ली के मलका गंज का रहने वाला है।

डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि एक शिकायत साइबर पुलिस को मिली थी। जिसमें पीड़ित ने बताया कि उससे 47 लाख से ज्यादा रकम की चीटिंग की गई है। उसे टेलीग्राम के जरिए संपर्क किया गया था। वर्क फ्रॉम होम का लालच दिया गया था और इन्वेस्टमेंट के बदले अच्छी प्रॉफिट का भरोसा दिया गया था। जो अमाउंट उनसे चीट किया गया है, वह उसने अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किया था। फिर पुलिस टीम ने उस टेलीग्राम नम्बर का आईपी एड्रेस निकाल पता चला कि वह दुबई से ऑपरेट किया जा रहा था।

इस मामले में FIR दर्ज किया गया और एसीपी अरविंद यादव की देखरेख में एसएचओ साइबर धर्मेंद्र कुमार, एसएआई मनजीत कुमार, हेड कांस्टेबल सुनील और नवीन की टीम ने छानबीन शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से डिटेल निकाला गया। जिस अकाउंट में अमाउंट ट्रांसफर किया था, इसकी बारीकी से छानबीन की गई। जो अलग-अलग बैंक के थे। जिसके बाद आरोपी शाहरुख खान के बारे में पुलिस को पता चला। जो एड्रेस डॉक्यूमेंट के आधार पर बैंक से मिला वह करोलबाग का निकला। जब पुलिस टीम वहां पहुंची तो उस नाम का कोई शख्स नहीं मिला। ना हीं उसके बारे में कोई जानकारी मिल रही थी। पुलिस को जांच में पता चला कि जिस बैंक अकाउंट में अमाउंट क्रेडिट हुए हैं, उस अकाउंट को लेकर 50 से ज्यादा शिकायत देश भर के लोगों ने किया हुआ है। इस मामले में आगे की छानबीन में पुलिस को यह भी पता चला कि धोखाधड़ी में गिरफ्तार आरोपी शाहरुख खान के अलावा एक जुनैद नाम का भी शख्स है। उसे भी पकड़ने के लिए पुलिस टीम छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी शाहरुख से पूछताछ हुई तो पता चला कि वह फेक एड्रेस पर बैंक अकाउंट खुलवाता था। फिर इस बैंक अकाउंट में चीटिंग का अमाउंट मंगवाता था। भोले भाले छोटे-छोटे बिजनेसमैन को टारगेट करके उन्हें वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर और इन्वेस्टमेंट के बदले अच्छे प्रॉफिट का भरोसा देकर टारगेट करता था। इसने वजीराबाद के एक एड्रेस पर एक फार्म का रजिस्ट्रेशन भी करवा रखा था। पांचवी पास आरोपी पहले एसी रिपेयर का काम करता था। बाद में यह चीटिंग करके शॉर्टकट से पैसा कमाने के लिए गोरखधंधे में शामिल हो गया। इसकी गिरफ्तारी से फिलहाल दो मामलों का खुलासा करने का पुलिस ने दावा किया है। इस मामले में आगे की छानबीन में और बड़ा खुलासा हो सकता है। क्योंकि पता चला है कि इस तरह का गैंग दुबई से ऑपरेट किया जा रहा है। गिरफ्तार किया गया आरोपी उसी का भारत में एक हिस्सा है। इसमें और लोग भी सामने आ सकते हैं।

## प्रशांत विहार में दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

- चोरी की चार बाईक और स्कूटी बरामद



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

रोहिणी जिला के प्रशांत विहार थाना की पुलिस टीम ने दो ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की चार मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई है। एक बटनदार चाकू भी पुलिस ने बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सूरज कुमार और सनी के रूप में हुई है। यह दोनों उत्तम नगर और मोहन गार्डन इलाके के रहने वाले हैं।

एडिशनल डीसीपी पंकज कुमार ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी से प्रशांत विहार, के एन काटजू मार्ग, पश्चिम विहार और मौर्या एनक्लेव थाना के पांच मामलों का खुलासा किया गया है। ऑपरेशन पराक्रम अभियान के तहत पुलिस टीम ने इन दोनों को पेट्रोलिंग के दौरान जापानी पार्क के पास से ट्रैक किया। इनकी पहचान की गई तलाशी में बटनदार चाकू मिले। जिस मोटरसाइकिल से जा रहे थे, वह चोरी की निकली। इसके बाद तीन और चोरी की स्कूटी और मोटरसाइकिल बरामद की गई।

## ए एन पी आर कैमरे की मदद से शराब तस्कर की गाड़ी ट्रैप



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में कई जगह लगे ए एन पी आर टेक्निक ( ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन सिस्टम ) वाले कैमरे पुलिस के लिए मददगार साबित होते हैं। इसी कैमरे की मदद से साउथ डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के मामले का खुलासा किया है। इसमें डेढ़ हजार क्वार्टर शराब का भी बरामद किया और एक गाड़ी को जप्त किया गया है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए शराब तस्कर की पहचान सनी के रूप में हुई है, यह ओखला का रहने वाला है।

पहले भी अंबेडकर नगर और हौज खास थाना इलाकों में एक्साइज एक्ट के मामले में शामिल रहा है। इंस्पेक्टर उमेश यादव की देखरेख में एसआई दीपक की टीम ने कैमरे की मदद से इस शराब की तस्करी के मामले का खुलासा किया है। यह आरोपी आधी रात कार में शराब की खेप भरकर फरीदाबाद से दिल्ली लेकर आया था। जब वह संगम विहार के बांध रोड पर पहुंचा तो पुलिस टीम ने ट्रैप कर लिया। तलाशी में 30 कार्टून मिले, जिसमें डेढ़ हजार क्वार्टर शराब के रखे हुए थे।

## नजफगढ़ में पकड़ा स्कूटी और बाईक चोर

नजफगढ़ थाना की पुलिस टीम ने एक शातिर ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान हिमांशु के रूप में हुई है। यह गोपाल नगर का रहने वाला है। इसके पास से पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी को बरामद किया है। जो खयाला और नजफगढ़ थाना इलाके से चुराया गया था। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया की हेड कांस्टेबल जोगिंदर, कांस्टेबल पंकज और दीपक की टीम ने इसको सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाकर गिरफ्तार किया। जब यह ख्याला से चुराई गई स्कूटी को लेकर किसी और वारदात को अंजाम देने के लिए निकला था। पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम ने इसे मेडिकल शॉप के पास पकड़ा। पूछताछ की गई तो चोरी की एक और मोटरसाइकिल इसकी निशानदेही पर बरामद की गई। आगे की छानबीन पुलिस टीम कर रही है।

## कीर्ति नगर में ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा नशा मुक्त अभियान

- बच्चों को दिलाया ऑनलाइन गेम न खेलने की शपथ



पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में ब्रह्मकुमारी की बहनों नाशा मुक्त अभियान चलाया गया। राजौरी गार्डन सेवा केन्द्र की ओर से इस अभियान में मुख्य रूप से फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा शामिल होकर लोगों से नशे से दूर रहने के लिए सभी को जागरूक किया। उन्होंने कहा की नशा से कई घरों की बबार्दी हो चुकी है और बच्चों का भविष्य भी बिगड़ रहा है।

इस अवसर पर बच्चों को समझाते हुए कहा कि वह अपने परिवार में कोई नशा करता है, तो उसे छोड़ने के लिए मजबूर करें। जिससे आपका भविष्य उज्जवल हो सके। बच्चों को भी शपथ दिलाई के वह किसी प्रकार की ऑनलाइन गेम नहीं खेलेंगे क्योंकि वह भी एक नशा है। ब्रह्माकुमारी की बहनों का भी धन्यवाद किया कि वह नशा मुक्त भारत अभियान चलाकर लोगों को जागरुक कर रही हैं। इस अवसर पर दीदी राजयोगिनी शक्ति, बीके जेएल मेहता, बीके डॉ ललिता, बीके शिल्पा, बीके सुषमा सहित काफी संख्या में ब्रह्माकुमारी की बहनें उपस्थिति थी। नशा मुक्त भारत अभियान राजौरी गार्डन केंद्र सेवा केन्द्र की ओर से 5 दोनों तक राजौरी गार्डन, कीर्ति नगर, सुदर्शन पार्क, विष्णु गार्डन, टैगोर गार्डन, महावीर नगर, मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र नारायण में चलेगा। लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक किया जाएगा।

## तीन साल के बच्चे को परिजनों से मिलाया



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

कोटला मुबारकपुर पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत एक तीन साल के मासूम को सकुशल उनके परिजनों को सौंप दिया। बच्चा उन्हें लावारिस हालत में मिला था। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया की कोटला मुबारकपुर पुलिस को प्रसादी गली में एक लावारिस बच्चे के बारे में सूचना मिली थी। तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां पर तीन साल का बच्चा लगातार रो रहा था। वह अपने घर का पता भी नहीं बता पा रहा था। बच्चे की काउंसलिंग की गई। जिपनेट पर बच्चे के परिवार के बारे में पता करने की कोशिश की गई। घर जा-जा कर बच्चे के बारे में पूछताछ की गई। सोशल मीडिया की मदद ली गई। आखिरकार काफी मेहनत के बाद बच्चे के परिजनों का पता लगा उसे सकुशल सौंप दिया।

## द्वारका जेल बेल सेल ने वांटेड को दबोचा



- हरियाणा के पानीपत से किया गिरफ्तार
- सात साल पुराने मामले में थी पुलिस को तलाश

द्वारका जिला के जेल बेल सेल की टीम ने कोर्ट के द्वारा भगोड़ा घोषित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान विजय के रूप में हुई है या हरियाणा के पानीपत का रहने वाला है इसकी तलाश छावला थाना में 2017 में दर्ज हुए मामले में पुलिस को थी और मार्च महीने में द्वारका कोर्ट ने इसे भगोड़ा घोषित किया था इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र की देखरेख में पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसके बारे में पता लगा करके आरोपी को गिरफ्तार किया।

## कुवैत का फर्जी वीजा बनाकर भेजा, वहां से वापस भेज दिया आईजीआई एयरपोर्ट

- पुलिस ने इस फर्जीवाड़ा में आरोपी एजेंट को पकड़ा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आईजीआई एयरपोर्ट की पुलिस टीम ने फेक वीजा मामले में यूपी के रहने वाले एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। जिसने कुवैत का फर्जी वीजा बनाकर एक शख्स को विदेश भेजा था और उसे शख्स को कुवैत से वापस भारत भेज दिया गया था। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान रमेश कुमार के रूप में हुई है। वह यूपी के फतेहपुर का रहने वाला है। एसीपी वीके पीएस यादव की देखरेख में एसएचओ विजेंद्र राणा, सब इंस्पेक्टर विपिन और हेड कांस्टेबल दीपक की टीम ने इसे गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। पुलिस के अनुसार पिछले साल दिसंबर महीने में रंजीत कुमार नाम का शख्स आईजीआई एयरपोर्ट पर कुवैत से वापस भेजा गया था। यहां पर जांच में उसका वीजा फर्जी निकला। उससे पूछताछ हुई थी तो उसने बताया कि वह 2019 में कतर गया था। तीन-चार साल तक वहां रहकर काम किया और वहीं पर उसकी मुलाकात रमेश नाम के सख्स से हुई थी। जब वह तीन-चार महीने के लिए वापस भारत आया तो वापस जाने के लिए रमेश से संपर्क किया। उसने 60 हजार एडवांस के रूप में लिया। और कुवैत के लिए फर्जी वीजा बनाकर उसे दे दिया था।

## 40 उम्र के बाद बढती हैं आंखो की समस्या



दिल्ली - बढती उम्र के साथ सेहत में गिरावट आने लगती है। ऐसे में दृष्टी संबंधित बीमारियां भी घेरने लगती हैं। इसलिए 40 वर्ष उम्र के बाद नियमित रूप से आंखो की जाचं करना जरूरी है। आप उम्र के रूप में दृष्टि समस्याओं का सामना कर सकते हैं। धुंधली दृष्टि, ओकुलर एलर्जी, ग्लूकोमा और आंखों का सूखापन जैसी कुछ समस्याएं आपको 40 के दशक में कठिन समय दे सकती हैं। जैसे की,40साल की उम्र में ज्यादातर लोगों को चश्मा पहनने की जरूरत महसूस होने लगती हैं। इसलिए नियमित रूप से आंखों की जांच करवाने के साथ ही हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना और पोषण से भरपूर हेल्दी चीजों का सेवन करना भी जरूरी है । ताकि लंबे समय तक आंखों की सेहत बनी रहे और दृष्टि संबंधित बीमारियों को होने से रोका जा सके। 40 साल की उम्र के बाद अपनी आंखों का ख्याल रखने के लिए आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। अपोलो स्पेक्ट्रा दिल्ली (नेहरू एन्क्लेव) के नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. डॉ. पंकज वार्शने ने कहाॅ की, कई बार लोग स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए नियमित जाचं कराते है। उसी तरह आपको अपनी आंखो की भी देखभाल करना जरूरी हैं। क्योंकी नेत्र जांच के दौरान मोतियाबिंद, एएमडी और ग्लॉकोमा जैसी बीमारियों के बारे में शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है। आंखों में दिखाई देने वाली असामान्यताएं शरीर के अन्य हिस्सों में समस्याओं का संकेत दे सकती हैं। ऐसे में आपको सावधान रहना होगा और अपनी आंखों की देखभाल करनी होगी। यहां, हम कुछ सामान्य आंखों की समस्याओं को सूचीबद्ध करते हैं जो 40 के बाद किसी को हो सकती हैं।

परिधीय दृष्टि का नुकसान : - कभी-कभी उम्र से संबंधित समस्याओं या किसी आंखों की बीमारी के कारण आपकी परिधीय दृष्टि प्रभावित हो जाती है, जिससे परिधीय दृष्टि हानि होती है। परिधीय दृष्टि यानी पेरिफेरल विजन लॉस में आप चीजों को तब तक स्पष्ट तौर पर नहीं देख पाते हैं, जब तक इसे आपके सामने नहीं रखा जाता है।

क्लाउडी विजन : - क्या आपको अपनी पसंदीदा किताब पढ़ने या टेलीविजन देखने में परेशानी होती है? तब आपको मोतियाबिंद हो सकता है। मोतियाबिंद की समस्या हो जाती है क्योंकि जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं आंखों का लेंस अधिक अपारदर्शी होता जाता है।

विकृत दृष्टि :- प्रारंभिक अवस्था में उम्र से संबंधित धब्बेदार अधः पतन (एएमडी) के प्रभावों को अक्सर लोगों द्वारा उपेक्षित किया जाएगा। एएमडी बुजुर्ग लोगों में दृष्टि हानि का कारण बन सकता है। इसलिए, इस समस्या से सही समय पर निपटने की जरूरत है।

डायबिटिक रेटिनोपैथी :- अगर आपको टाइप-1 या टाइप-2 डायबिटीज है। तो डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच के लिए हर साल अपनी आंखों की जांच करवाना जरूरी है। क्योंकी, डायबिटीज के मरीजों में डायबिटीज रेटिनोपैथी होता है, क्योंकि हाई डायबिटीज के परिणामस्वरूप रेटिना डैमेज हो सकता है। यह हाई ब्लड शुगर ब्लड वेसल्स के कामकाज को ठीक से प्रतिबंधित करता है।

ओकुलर एलर्जी : - यदि आप लाल, पानी, खुजली वाली आंखों से पीड़ित हैं, तो यह ओकुलर एलर्जी के कारण हो सकता है। इस बारे में डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी हैं।

प्रेसबायोपिया : - इसे दूरदर्शिता भी कहा जा सकता है, जो कि ४० के दशक में लोगों के लिए एक बहुत ही सामान्य दृष्टि परिवर्तन है। इसलिए अगर आपको पढ़ने में परेशानी हो रही है तो सिर्फ नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाएं।

## मेट्रो में होली खेलने का वीडियो हवायरल, डीपफेक का शक

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा में है। जी हां कभी नाच-गाना तो कभी लड़ाई-झगड़ा, कभी अश्लील वीडियो वायरल होने को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाली मेट्रो में इस बार अश्लील डांस करते हुए दो लड़कियों के होली खेलने का वीडियो वायरल हो रहा है। मेट्रो में होली खेलते हुए लड़कियों के इस वीडियो ने लोगों के बीच बहस छेड़ दी है। यूजर अपनी-अपनी तरह से इसपर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो के फर्जी होने का शक जताया जा रहा है। आशंका है कि यह डीपफेक है। बहरहाल मेट्रो पुलिस सहित अन्य एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही वीडियो पर कोई बयान देना संभव होगा। अभी सभी वीडियो की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि दो लड़कियां मेट्रो के फर्श पर बैठी हैं और उनके सामने जमीन पर रंग रखा हुआ है। इसमें से एक लड़की ने सफेद सूट पहना है, जबकि दूसरी साड़ी में है।

## रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव मिला

नई दिल्ली । लाजपत नगर रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव मिला। आशंका है कि युवक ने ट्रेन से कटकर जान दी है। हालांकि पुलिस का कहना है कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की शिनाख्त कोटला मुबारकपुर निवासी राज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11.18 बजे सूचना मिली कि एक युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर छानबीन करने के बाद शव को कब्जे में कर लिया।

## केजरीवाल के इस्तीफा की मांग दिल्ली बीजेपी का प्रदर्शन

- राजघाट पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में विरोध
- जन विरोधी नीतियों को लेकर लोगों को दी जानकारी



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

एऊके द्वारा गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देने की मांग को लेकर आज दिल्ली प्रदेश बीजेपी ने राजघाट पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा कर रहे थे। इस विरोध प्रदर्शन में काफी संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ता दिल्ली के अलग अलग इलाकों से शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इसमें मटियाला विधानसभा के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता कृष्ण सहरावत भी दलबल के साथ पहुंचे और केजरीवाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही केजरीवाल सरकार की जन विरोधी नीतियों को लेकर अपनी बात रखी और लोगों को इससे अवगत भी कराया।

## संक्षिप्त खबरें

### शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

आलमनगर (मधेपुरा) नगर पंचायत वार्ड 11 में सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा शहीद ए आजम शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर चतुर्भुज दास की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह के तेलीय चित्रों पर सदा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान भाकपा के सहायक जिला मंत्री मुकुन्द प्रसाद यादव ने कहा 23 मार्च 1931 को लाहौर में अंग्रेजों द्वारा उन्हें फांसी दी गई। शहीद भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने हिंदुस्तान रिपब्लिक पार्टी का गठन कर आजादी की स्वतंत्रता के संग्राम में अहम भूमिका अदा करते हुए देश के लिए फांसी पर चढ़कर शहीद हो गए। वो समाज वाद का स्थापना करना चाहते थे उनका पहला लक्ष्य देश को गुलामी से मुक्ति दिलाना था। इस दौरान धर्मेंद्र राम, मुकेश राम, जनार्दन ठाकुर, मणी राम, मुकुन्द ठाकुर, भोला मंडल, अजय राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है मतदान : जिलाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता




मधेपुरा जिला प्रशासन, मधेपुरा के तत्वावधान में ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा एवं पहला लोकतंत्र है। हमारा लोकतंत्र सबसे उजार्वान एवं बाइब्रेंट है।उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। हमें जाति, धर्म, लिंग, भाषा, प्रांत आदि संकीर्णताओं से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। हमें भयमुक्त होकर कार्य करना चाहिए और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में नहीं फंसना चाहिए। अनिवार्य रूप से करें मतदान उन्होंने कहा कि मधेपुरा में 7 मई को लोकसभा के आमचुनाव हेतु मतदान होना है। सभी लोग अनिवार्य रूप से मतदान करें। यदि कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं हो, तो नोटा (एनओटीए) का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सबों का नाम दर्ज होना चाहिए। मधेपुरा जिला में विगत तीन-चार माह में 70 हजार नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। जो बचे हुए लोग हैं, उनका भी नाम जोड़ने की जरूरत है। इसके लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रतिबद्ध है जिला प्रशासन उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधाओं की बहाली की जा रही है। पेयजल एवं शौचालय का उत्तम प्रबंध किया गया है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील-चेयर रैम्प की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा मतदाताओं की सुविधा हेतु वोटर हेल्पलाइन एप बनाया गया है और हेल्प लाइन नंबर 1950 जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत वोट के लिए रुपए का वितरण, सांप्रदायिक भाषण, अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन, शराब या अन्य नशीले पदार्थों का वितरण, धमकी देना, मतदाताओं का निःशुल्क परिवहन, वोट के लिए मुफ्त वितरण, पेड न्यूज, फेक न्यूज, संपत्ति विरूपण आदि प्रतिबंधित है। ऐसी कोई भी घटना हो, तो उसे सीभीआईजीआईएल एप पर रिपोर्ट किया जाए। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में करें सहयोग पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में मतदान नागरिकों की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। हम स्वयं मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। सब मिलकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें। उप विकास आयुक्त अवधेश कुमार आनंद ने कहा कि हम सबों की यह जिम्मेदारी है कि हम अनिवार्य रूप से मतदान करें। इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। मतदान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु हो रहे हैं प्रयास इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार ने दुनिया को लोकतंत्र का संदेश दिया है। हमारे यहां इंग्लैंड एवं अमेरिका में लोकतंत्र आने के वर्षों पहले गणतंत्र कायम था। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न महाविद्यालयों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि मतदान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जाए। युवाओं को आकर्षित करने के लिए महाविद्यालय कैम्पस में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। लगातार हो रहे हैं जागरूकता कार्यक्रम उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न महाविद्यालयों में लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आगे भी कई आयोजन होने हैं। इसके पूर्व जिलाधिकारी का महाविद्यालय परिसर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। एएनओ गुड्डु कुमार के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने उनकी अगुवानी की। जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का महाविद्यालय की डायरी एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने ने मतदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

## अगलगी की घटना में तीन परिवार के पांच घर जले, साथ ही जल गई 6 बकरियां



प्रात : किरण, संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) चौसा थाना क्षेत्र के रसलपुर धुरिया में आगलगी की घटना से तीन परिवार के लोगों का पांच घर जलकर राख हो गया है जबकि तीनों परिवार के आधा दर्जन बकरियां भी जलने की बात बताई जा रही है।बताया गया कि शुक्रवार की देर रात्रि में करीब 11:30 बजे में अन्य दिनों के तरह सभी लोग खाना पीना खा कर सोए हुए थे तभी अचानक तेज गर्मी महसूस होने लगी तो लोग जगे तो देखा कि आग चारों तरफ से घर को लपेटे में ले लिया है इस आगलगी की घटना में रसलपुर धुरिया पंचायत के धुरिया गोठ वॉर्ड नंबर 9 निवासी श्रीनिवास यादव का एक टीना चदरा का घर जिसमे टेबुल कुर्सी, कपड़ा व खाद्य सामग्री और जेवरात सहित एक बकडी, नकदी पांच हजार, बुद्धन यादव का दो टीना चदरा का घर, जमीन सबंधित कागजात, खाद्य सामग्री कपड़ा, चौकी कुर्सी पचपन हजार रूपए नकदी जबकि सुद्धन यादव का दो घर, तीन बकरी, खाद्य सामग्री, कपड़ा सिलाई का मशीन, पानी पटवन वाला होंडा मशीन पचास हजार नकदी, व अन्य महत्वूर्ण कागजात सब जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है

कि शुक्रवार को ही पीड़ित परिवार के लोगों ने निजी बैंक से ऋण लिए हुए थे जो आग के चपेट में स्वाहा हो गया। ग्रामीण और पीड़ित परिवार के अनुसार तो इस आगलगी कि घटना में तकरीबन छः से आठ लाख रुपए की क्षति हुई है। हालांकि जानकारी मिलते ही उदाकिशुनगंज से दो तथा पुरैनी से एक अग्निशन वाहन के कर्मियों द्वारा घंटों बाद आग को काबू पाया गया। इस बाबत अंचल अधिकारी शशिकांत यादव ने कहा कि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री दिया गया है और सहायता राशि का चेक दिया जा रहा है आगे जांच कर सहायता के लिए वरीय अधिकारी को लिखा जाएगा।

## सद्भाव व समरसता के साथ मनाये होली का त्योहार



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/बरहट । थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार, अंचलाधिकारी मयंक कुमार अग्रवाल मुख्य रुप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने किया। बैठक में शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त रहने की बात कही गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने इसके लिए आमलोगों से सहयोग करने की बात कही। बैठक में उपस्थित बीडीओ श्रवण कुमार ने कहा कि होली का पर्व महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर के खुशी मनाते है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाने की अपील किया। वहीं बैठक में उपस्थित अंचलाधिकारी मयंक कुमार अग्रवाल ने कहा कि होली आपसी एकता और समरसता का त्योहार है। इस दिन लोग तमाम तरह के गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे के साथ रंग और गुलाल के साथ खुशियां बांटते है। वहीं थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने कहा कि होली पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पुलिस बल के द्वारा चौकसी बरती जायगी। किसी भी प्रकार कि अशांति व अफवाह फैलाने वाले को बख्शा नहीं जायगा। वहीं उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि होली आपसी सौहार्द एवं प्रेम का त्यौहार है। वहीं होली पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहने की बात भी थानाध्यक्ष द्वारा कही गयी। जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए कहे कि क्षेत्र में आचार संहिता लागू है। जिसका अनुपालन करते हुए क्षेत्र में आपसी सौहार्द बनाये रखते हुए होली के पर्व को मनाने कि अपील की। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से मुखिया बलराम सिंह, अमित कुमार निराला, संजय यादव, विजय यादव, दामोदर पासवान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एबीवीपी कार्यकताओं ने मनाया शहीद दिवस




प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/झाझा। शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकताओं ने भगत सिंह ,सुखदेव एवं राजगुरु के तेलचित्र पर सम्मिलित रूप से पुष्प गुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति व प्रांत एसएफडी सह संयोजक सूरज वर्णवाल ने कहा कि हर साल 23 मार्च को देश में शहीद दिवस मनाया जाता है 23 मार्च के दिन ही तीन महान देशभक्त भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी मातृभूमि के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले भारत माता के महान सपूत शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को देश नमन कर रहा है।

इन तीनों ने आजादी के गीत गाते हुए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। मातृभूमि की आजादी के प्रति साहस सभी युवाओं को आज भी प्रेरणा देता है देश की आजादी की लड़ाई में इन महान स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। मौके पर प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य रूपेश भारती, नगर सहमंत्री मंजीत हर्ष ने कहा कि भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को भारत हमेशा याद रखेगा।

यह ऐसे महान व्यक्ति हैं जिन्होंने हमारे स्वतंत्रता संग्राम के लिए अतुलनीय योगदान दिया हम उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन और वंदन करते हैं देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपना बलिदान देने वाले इन क्रांतिकारियों से भारत की युवा पीढ़ी हमेशा प्रेरणा प्राप्त करती रहेगी। मौके पर नगर कार्यालय मंत्री मुन्ना कुमार, नगर कलामंच सह संयोजक गुड़िया कुमारी, नगर छात्र शक्ति प्रमुख रंजन चंद्रवंशी, नगर कार्यकरिणी सदस्य बबलू यादव, नितिश केशरी, सूरज पासवान, सोनू कुमार,सूरज कुमार, संजीत कुमार यादव, अभिषेक पाल, मिथुन कुमार, श्रवण कुमार,राज साहिल पासवान आदि उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाए होली पर्व:एसपी



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। होली पर्व को लेकर वैशाली एसपी श्री हर किशोर राय ने जिलावासी को दिया बधाई एवं शुभकामनाएं। अपने शुभकामना संदेश में एसपी ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं होली का त्योहार। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरूद्ध की जायेगी सख्त कार्रवाई।इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर रहेगी साईबर सेल की पैनी नजर।अफवाह फैलाने वाले या भ्रामक खबर चलाने वाले के खिलाफ कड़ी करवाई होगी।लोगो से अपील किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें ।शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार।

## शिक्षा- दीक्षा 1 अप्रैल से शुरू होगी 12 वीं तक के विद्यार्थियों की एंट्री, ऑनलाइन दी जा चुकी है ट्रेनिंग





- ई- शिक्षा कोष एप पर बच्चों के आंकड़ों की होगी इंट्री
- प्रोफाइल की इंट्री 1 से 15 अप्रैल तक होगी,शिक्षा परियोजना परिषद के पदाधिकारी ने डीईओ व सर्व शिक्षा अभियान के डीपीओ को भेजा पत्र

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। अगले महीने से जिले के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं का आंकड़ा ई शिक्षा- कोष ऐप पर अपलोड होगा। शैक्षणिक वर्ष 2024 -25 में अगले महीने से ई शिक्षकोष एप पर अध्ययनरत बच्चों के आंकड़ों की इंट्री होगी। बच्चों के प्रोफाइल की इंट्री का कार्य 1अप्रैल से 15 अप्रैल तक किया जाएगा। इसको लेकर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी ने डीईओ व सर्व शिक्षा अभियान के डीपीओ को पत्र भेजा है। पत्र के अनुसार जिले के पांच कंप्यूटर शिक्षक समेत डीपीएम व प्रखंडों के बीपीएम को स्टूडेंट प्रोफाइल डाटा इंट्री कार्य को लेकर ऑनलाइन ट्रेनिंग मास्टर ट्रेनर के रूप में दी जा चुकी है।सभी मास्टर ट्रेनर विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को इससे जुड़ा प्रशिक्षण मार्च के अंतिम सप्ताह तक उपलब्ध कराया जाएगा,ताकि जिले के सभी सरकारी विद्यालय में 1अप्रैल से स्टूडेंट प्रोफाइल डाटा एंट्री शुरू की जा सके। 1 अप्रैल से ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर नामांकन इसके साथ ही अब 1 अप्रैल से ई- शिक्षकोष पोर्टल पर जिले के सभी सरकारी विद्यालय के सभी वर्ग के छात्रों का नामांकन भी किया जाएगा। सभी छात्र-छात्राओं के स्टूडेंट प्रोफाइल की डाटा एंट्री का कार्य विद्यालय अवधि में पठान-पाटन के बाद ही किया जाएगा।इस क्रम में ऐसे विद्यालय जिनके पास खुद का कंप्यूटर सिस्टम या आईसीटी लैब है, वह अपने ही विद्यालय में सभी छात्र- छात्राओं का स्टूडेंट प्रोफाइल का डाटा इंट्री करेंगे। ऐसे विद्यालय जिनके पास खुद का कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध नहीं है,वह समीप के आईसीटी लैब वाले विद्यालयों में सभी बच्चों का स्टूडेंट प्रोफाइल की डाटा इंट्री कार्य करेंगे। जिले के सभी सरकारी विद्यालय को स्टूडेंट प्रोफाइल की डाटा इंट्री कार्य 15 अप्रैल तक करने का निर्देश दिया गया है।अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों के प्रोफाइल में इंट्री के बाद वर्ग वार उपस्थित पंजी अपलोड की जाएगी।

## योगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता



हाजीपुर।आयुष मंत्रालय भारत सरकार मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान नई दिल्ली एवं मिथिला प्राकृतिक चिकित्सा योग शोध संस्थान वैशाली के संयुक्त तत्वधान में योगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वैशाली ग्राम के धरहरा ब्रह्मस्थान में हजारों प्रतिभागियों के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम वासियों के अतिरिक्त विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं नारायण सेवा स्थल सरैया से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षु किशोर किशोरियां बिहार नेचुरोपैथी योग सर्विस एसोसिएशन से जुड़े विभिन्न योग प्रशिक्षकगण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैशाली के सीएचओ पूजा कुमारी एवं एंबुलेंस दल, आशा कार्यकर्तागण, शिक्षक गण आदि ने सक्रियता पूर्वक योगदान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ करते हुए कामन योग प्रोटोकॉल के निदेर्शानुसार विभिन्न सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प एवं शांतिपाठ के अभ्यास उपरांत संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षक चंद्र मोहन पासवान, आनंद कुमार, सुमित कुमार, नवीन कुमार,सुभाष कुमार, कुमारी मालविका, सुकृति नंदा, प्रमोद कुमार मंडल, संजय कुमार सिंह आदि ने विभिन्न प्रकार के विशेष योग आसनों का प्रदर्शन भी किया।विशेष योग अभ्यासी साधकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के हठ योगी चमत्कार दिखाए गए, जमीन आसमान घोड़े के ऊपर विशेष प्रकार के योग करनामे प्रदर्शित किए गए। इस वर्ष के योग दिवस के थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग विषय पर विस्तार से व्याख्यान कुमारी मालविका ने प्रस्तुत किया जबकि योग के महत्व एवं उपयोगिता पर शिक्षक सुभाष कुमार ने व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि के रूप में बौद्ध भंते शीलभद्र उर्फ डॉक्टर जेपी कुशवाहा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैशाली के सीएचओ पूजा कुमारी, रामबाबू साह, सियाराम सिंह, आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह अकेला, स्कॉट गाइड प्रशिक्षक भूषण कुमार, वैशाली ट्रेडर्स के प्रोपराइटर रंजन कुमार, पूर्व प्रखंड प्रमुख नवल राय, रविंद्र रविंद्र राय, रामनाथ राय, रवि भारती आदि ने विचार रखे।

## बुद्धम शरणम गच्छामि नृत्य नाटिका के जरिए रंगकर्मियों ने दिया शान्ति का संदेश


### मतदाता जागरूकता हेतु कलाकारों ने बेहतरीन भाव नृत्य की दी प्रस्तुति

प्रात : किरण, संवाददाता



मधेपुरा जिला मुख्यालय के कला भवन में बिहार दिवस समारोह 2024 के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एडीएम, डीडीसी, एनडीसी, डीपीआरओ आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो.अरुण कुमार बच्चन, प्रो. संजीव कुमार, शिक्षिका रेखा यादव, शिक्षिका शशि प्रभा जायसवाल, शिक्षक रोशन कुमार, शिक्षक आलोक कुमार, शिवाली, संतोष कुमार, भवेश कुमार, संजीव कुमार, माशुम एवं साथीगण, संकल्प मैत्री फाउंडेशन, ग्रीनफील्ड स्कूल, किड्स स्कूल, नटराज एकेडमी, डीएस एकेडमी, लिटिल स्कूल आदि ने अपनी गीत-संगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति से दिल जीता। इसी कड़ी में सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में चर्चित संस्था सृजन दर्पण के रंगकर्मियों ने बुद्धम शरणम गच्छामि नृत्य नाटिका के जरिए शांति का संदेश दिया, जबकि संस्था के रंगकर्मी सौरभ सुमन, धीरज कुमार, शिवम् कुमार, स्नेहा कुमारी, संध्या कुमारी, शिवानी कुमारी, रेशम कुमारी, मौसम कुमारी और रेशमी कुमारी आदि ने अपने लोकसंस्कृति से जरूरे गीतों पर कई समूह लोकनृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति से मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाप्रेमी ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों के प्रस्तुति की खूब सराहना किया। इस दौरान दूरदर्शन से ग्रेड प्राप्त कलाकार सह वरिष्ठ रंग निर्देशक बिकास कुमार एवं टीम ने मतदाता जागरूकता हेतु आओ सब साथ चले - आओ सब मिलकर मतदान करें गीतों पर भावनृत्य के जरिए आम लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी कलाकारों को जिला प्रशासन की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीएम ने कहा कि 112 साल पहले बंगाल से अलग होकर बिहार बना था। इन वर्षों में कई बदलाव हुए हैं, उड़ीसा और झारखंड इसके हिस्से थे। यहां की मिट्टी पूरे देश में लोहा मनवाने का काम करती है।सभी लोग देश और राज्य को आगे बढ़ाने में आगे आएं। हम सब किसी ना किसी रूप में बिहार को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें। डीपीआरओ ने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है, वर्तमान को बेहतर बनाने के लिये हमलोग लगातार लगे हुए हैं। आज के दिन हम-सब यह प्रण लें कि राज्य के बेहतरी के लिये कार्य करें। मौके पर बड़ी संख्या में दर्शकगण और कलाकार मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदन कुमार, बिकास कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे जबकि मंच संचालन समीक्षा कुमारी ने किया।

# जिला पदाधिकारी ने की मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक




- पांच मतदान केंद्रों पर सहायक मतदान केंद्र बनाए जाएंगे

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी के मद्देनजर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष के साथ बैठक की गई। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को निर्वाचन कार्यक्रम और तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी थी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में वैसे मतदान केंद्र, जहां मतदाताओं की संख्या 1549 या इससे अधिक है, वहां सहायक मतदान केंद्र बनाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि वैशाली विधानसभा क्षेत्र का मतदान संख्या 59 राजकीय बुनियादी विद्यालय भगवानपुर रत्ती, कमरा नंबर 1, राजापाकर विधानसभा क्षेत्र का मतदान केंद्र संख्या 172 तहसील कचहरी रसूलपुर हबीब, राघोपुर विधानसभा क्षेत्र का मतदान केंद्र संख्या 236 उत्क्रमित मध्य विद्यालय मीरामपुर, पश्चिमी भाग कमरा संख्या 1, राघोपुर विधानसभा क्षेत्र का ही मतदान केंद्र संख्या 282 उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर टोला, खुदगास,कमरा संख्या 1 तथा पातेपुर विधानसभा क्षेत्र का मतदान केंद्र संख्या 243 उर्दू प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर नूरपुर (पूर्वी भाग) में मतदाताओं की संख्या 1549 से ज्यादा है, इसलिए इन पांच मतदान केंद्रों पर सहायक मतदान केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वैशाली लोकतंत्र की जननी है और वे भी अपने स्तर से लोगों को जागरूक और प्रेरित करने का प्रयास करें । बैठक में बैठक में बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट) , इंडियन नेशनल कांग्रेस, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, सीपीआई (एमएल) आदि के प्रतिनिधि मौजूद थे। मालूम हो कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद से जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शनिवार को मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के प्रत्येक शनिवार को बैठक कर उन्हें सारी सूचनाओं से अवगत कराया जाता है। बैठक में एसडीएम श्री बिनोद कुमार सिंह , उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिन्हा, डीपीआरओ हरेंद्र राम, एसडीएम रामबाबू बैठा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी नीरज मौजूद थे।

## आदर्श आचार संहिता और होली पर्व के मद्देनजर डीएम ने की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा आदर्श आचार संहिता और होली पर्व को लेकर शनिवार को डीएम विजय प्रकाश मीना ने जिला मुख्यालय स्थित कला भवन में अधिकारियों के साथ अहम बैठक की।

बैठक में खासकर आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर आगामी होली पर्व पर किसी प्रकार की गड़बड़ी पैदा नहीं हो इसको लेकर सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए डीएम ने कहा कि जिले के सभी जगहों पर अधिकारी समेत पुलिस के आलाधिकारी अपनी अपनी पैनी नजर बना कर रखेंगे, ताकि कहीं से कोई गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिले।

वहीं इस मौके पर एसपी संदीप सिंह ने मौजूद अधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में लोक सभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लगी हुई है साथ हीं होली का पर्व भी है ऐसे में सभी जगहों पर वाहन गस्ती तथा पुलिसिंग व्यवस्था चुस्त दुरुस्त किया गया है।

खासकर होली पर्व के मौके पर डीजे और हुरदुंगियो पर पैनी नजर रहेगी जिससे किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी संभव नहीं हो सके ।बता दें कि जिला प्रशासन होली पर्व में डीजे और होली पर डांसर, होली गायन समेत ध्वनि यंत्र पर पूर्ण रूपेण प्रतिबंध लगा दिया है। इन आदेशों के उलंघन पर कड़ी कार्रवाई हेतु निर्देश जारी की गई है।

वहीं इस दौरान उदाकिशुनगंज एसडीएम एस जेड हसन ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि हर हाल में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन किया जाना है होली पर्व के मौके पर खासकर डीजे और होली गायन समेत ध्वनि यंत्र पर प्रतिबंध लगाया गया है इसलिए होली बिल्कुल शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाय ताकि जिला प्रशासन मजबूरन आपके ऊपर कोई कार्रवाई ना कर सके। जिला प्रशासन आप तमाम जिले वासी से यही अपेक्षा रखता है।

## सनातन ब्राह्मण संघ का होली मिलन समारोह



हाजीपुर। सनातन ब्राह्मण संघ हरिहरक्षेत्र की ओर से संस्कृति सुरक्षार्थ होली मिलन समारोह का आयोजन बडी दुर्गा मंदिर कौनहारा घाट में सहर्ष सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय पं० सिद्धिनाथ पाण्डेय जी की ओर से अबीर-गुलाल को अभिमंत्रित करके समस्त उपस्थित विप्र बंधुओं को आशीर्वाद स्वरुप भेंट किया। जिसके बाद सबने एक दुसरे को गुलाल लगाया। छोटों ने बडों के चरण पर अबीर-गुलाल समर्पित किया। बडों ने छोटों को तीलक लगाकर आशीर्वाद प्रदान किया। आचार्य पं० मृत्युञ्जय द्विवेदी जी ने कहा यह मिलन समारोह अद्भुत है। जिसमें हर्षोल्लास के वातावरण में सभी उपस्थित ब्राह्मणों ने विश्वकल्याणार्थ प्रार्थना के बाद सबने एक दुसरे को गुलाल लगाया। आयोजन को सफल बनाने में दिशा के सचिव आचार्य राजेश तिवारी, उमेश तिवारी, बबलू पांडे,प्रणव तिवारी, सोनू त्रिपाठी, दिनेश पांडे, कमलेश मिश्रा, नीरज पांडे, सूरज कुमार, इत्यादि का रहा।

## एमपी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता



मधेपुरा शनिवार को एम पी कॉलेज आफ एजुकेशन चांदनी चौक मधेपुरा में लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी मधेपुरा के पत्र के आलोक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय परिसर में सेल्फी प्वाइंट, प्रशिक्षुआओ के बीच लोगो प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिसमें इलेक्शन लिटरेसी क्लब की स्थापना की गई जिसमें बेड सत्र 2022 झ 24 के प्रशिक्षु सुमन कुमार को मतदाता जागरूकता अभियान हेतु कैंपस एंबेसडर बनाया गया तत्पश्चात प्रशिक्षुओं द्वारा नजदीकी मुसहरी टोला बुधमा में घूम-घूम कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। आम जनों को मतदान के महत्व और धर्म, जाति, वर्ग से उठकर मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर निशि लता, प्राध्यापक एवं शिक्षेकतर कर्मियों में जाहिदा तबस्सुम, संदीप कुमार यादव, आले नबी मुजाहिद, मोहम्मद अंजुम फुरकान, कुमारी नीतू रानी, खालिदा खातून, मृदुला गुप्ता, तपन कुमार गुप्ता, हरेंद्र शर्मा, दीपक कुमार, रूही खातून, नितेश कुमार, आशुतोष कुमार, प्रशांत कुमार, ललन कुमार, रोनित कुमार एवं प्रशिक्षुओं में सुमन, अमरदीप, दीपक, लक्ष्मण, उदय, बिट्ठू, विशाल आदित्य राज, नीतीश, प्रशांत सौरभ, साक्षी, आकाश, राहुल कुंदन, अभिषेक, अंकुश, सरस्वती, अस्मिता, विवेक, नवीन, रिचा, पूजा, प्रमोद, कृष्णा, मुकेश, मारुति नंदिनी, प्रियदर्शनी, साक्षी, पूजा, आरती, शहजादी, सोनी, उमा कपिल, मोहम्मद फैसल, अर्जुन राम, गौतम, अंकुर रूबी, कुंदन, नूतन, संगम संध्या इत्यादि उपस्थित थे।

सम्पादकीय

# प्रदूषण का देश भारत

भारत तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश है, जिसकी राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे अधिक प्रदूषित राजधानी है। भारत की करीब 96 फीसदी आबादी जहरीली हवा में जीने को विवश है। प्रदूषण के लिए जिम्मेदार सूक्ष्मतम कण पीएम 2.5 होना चाहिए, लेकिन दिल्ली का पीएम 92.7 है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका पीएम 80.2 के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के 7800 शहरों में से मात्र 9 फीसदी ही ऐसे हैं, जो मानकों पर खरे उतरते हैं। सिर्फ यही नहीं, सबसे प्रदूषित 50 शहरों में से 42 शहर भारत के हैं। प्रदूषण का यह स्तर भारत के लिए चुनौती ही नहीं, बल्कि संकट का रूप धारण करता जा रहा है। संकट इसलिए भी गहरा है, क्योंकि बिहार के बेगुसराय, पटना, असम के गुवाहाटी, अपेक्षाकृत छोटे शहर-रोहतक (हरियाणा) और मेरठ (उप्र)-भी प्रदूषित होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पीएम 2.5 का सालाना औसत 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन बेगुसराय का यह स्तर बीते साल 118.9 था। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 23 गुना अधिक था। भारत में प्रदूषण के हालात का खुलासा स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग संस्था आईक्यूएयर की हालिया रपट में किया गया है। यह डाटा खुद भारत की सरकारों द्वारा दिया गया है, स्विस संस्था ने विश्व-संदर्भ में उन्हें संकलित किया है, लिहाजा संस्था पर आरोप लगाना आत्मघाती होगा। विडंबना है कि हवा, पानी, मिट्टी और जंगल सरीखे मुद्दों पर राजनीति नहीं की जाती। वे चुनाव में गौण ही रहते हैं। हमारी सत्ताओं की प्राथमिकता गरीबी हटाओ और औद्योगिक प्रगति ही रही है। औद्योगिक क्रांति के 200 सालों के दौरान औद्योगिक औजारों ने प्रदूषण को इतना बढ़ा दिया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। पहले संकट दिल्ली समेत कुछ महानगरों तक ही सीमित समझा जाता था, लेकिन स्विस संस्था की रपट ने पूरे भारत के संकट को बेनकाब किया है। भारत की 130 करोड़ से अधिक आबादी जहरीली हवा के शहरों में बसी है। यदि भारत का सच यही है, तो भारत को प्रदूषण का देश करार देना गलत नहीं होगा। दरअसल जिस गति से भारत का शहरीकरण हुआ है या सरकार स्मार्ट सिटी बनाने की परियोजना पर काम कर रही है, उसमें प्रदूषण प्राथमिकता पर नहीं है। उस गति से प्रदूषण के कारकों का डाटा भी उपलब्ध नहीं है। यदि बेगुसराय, गुवाहाटी, रोहतक, मेरठ आदि अपेक्षाकृत छोटे शहरों में प्रदूषण के खतरनाक कारक सामने आए हैं, तो उस लिहाज से राजधानी दिल्ली जानलेवा गैस चैंबर कही जा सकती है।

# पारंपरिक जल-स्रोत बचाएं

पंकज चतुर्वेदी

कोई साल बारिश का रूठ जाना तो कभी ज्यादा ही बरस जाना हमारे देश की नियति है। थोड़ा ज्यादा बरसात हो जाए तो उसके समेटने के साधन नहीं बचते और कम बरस जाए तो ऐसा रिजर्व स्टॉक नहीं दिखता जिससे काम चलाया जा सके। अनुभवों से यह तो स्पष्ट है कि भारी-भरकम बजट, राहत, नलकूप जैसे शब्द जल संकट के निदान नहीं हैं। करोड़ों-अरबों की लागत से बने बांध सौ साल भी नहीं चलते, जबकि हमारे पारंपरिक ज्ञान से बनी जल संरचनाएं ढेर सारी उपेक्षा, बेपरवाही के बावजूद आज भी पानीदार हैं। जलवायु परिवर्तन के खतरे के सामने आधुनिक इंजीनियरिंग बेबस है। यदि भारत का ग्रामीण जीवन और खेती बचाना है तो बारिश की हर बूंद को सहेजने के अलावा और कोई चारा नहीं बच रहा है। देश के बहुत बड़े हिस्से के लिए अल्प वर्षा नई बात नहीं है, और न ही वहां के समाज के लिए कम पानी में गुजारा करना, लेकिन बीते पांच दशक के दौरान आधुनिकता की आंधी में दफन हो गए हजारों चंदेल-बुंदेला कालीन तालाबों और पारंपरिक जल पण्रालियों के चलते ये हालात बने। मप्र के बुरहानपुर शहर की आबादी तीन लाख के आसपास है। निमाड़ का यह इलाका पानी की कमी के लिए जाना जाता है लेकिन आज भी शहर में कोई अठारह लाख लीटर पानी प्रति दिन एक ऐसी प्रणाली के माध्यम से वितरित होता है, जिसका निर्माण 1615 में किया गया था। यह प्रणाली जल संरक्षण और वितरण की दुनिया की अजूबी मिसाल है, जिसे भंडाराइ कहा जाता है। सतपुड़ा की पहाडिों से एक-एक बूंद जल जमा करना और उसे नहरों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचाने की यह व्यवस्था मुगलकाल में फारसी जल-वैज्ञानिक तबकुतुल अर्ज ने तैयार की थी। समय की मार के चलते दो भंडारे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। सनद रहे कि हमारे पूर्वजों ने देश-काल-परिस्थिति के अनुसार बारिश को समेट कर रखने की कई पण्रालियां विकसित और संरक्षित की थीं, जिनमें तालाब सबसे लोकप्रिय थे। घरों की जरूरत यानी पेयजल और खाना बनाने के लिए मीठे पानी का साधन कुआं कभी हर घर-आंगन में हुआ करता था। धनवान सार्वजनिक कुएं बनवाते थे। हरियाणा से मालवा तक जोहड़ या खाल जमीन की नमी बरकरार रखने की प्राकृतिक संरचना हैं। ये आम तौर पर वष्रा-जल के बहाव क्षेत्र में पानी रोकने के प्राकृतिक या कृत्रिम बांध के साथ छोटे तालाब की मानिंद होते हैं। तेज ढलान पर तेज गति से पानी के बह जाने वाले भूस्थल में पानी की धारा को काट कर रोकने की पद्धति पाटइ पहाड़ी क्षेत्रों में लोकप्रिय रही है। एक नहर या नाली के जरिए किसी पक्के बांध तक पानी ले जाने की प्रणाली नाड़ा या बंधाइ अब देखने को नहीं मिल रही। कुंड और बावडिा महज जल संरक्षण के साधन नहीं, बल्कि हमारी स्थापत्य कला के बेहतरीन नमूना रहे हैं। आज जरूरत है कि ऐसी पारंपरिक पण्रालियों को पुनर्जीवित करने के लिए खास योजना बनाई जाए और इसकी जिम्मेदारी स्थानीय समाज की ही हो। यह देश-दुनिया जब से है तब से पानी अनिवार्य जरूरत रही है और अल्प वष्रा, मरुस्थल, जैसी विषमताएं प्रकृति में विद्यमान रही हैं-यह तो बीते दो सौ साल में ही हुआ कि लोग भूख या पानी के कारण अपने पुश्तैनी घरों-पिंडों से पलायन कर गए। उसके पहले का समाज तो हर तरह की जल-विपदा का हल रखता था। अभी हमारे देखते-देखते ही घरों के आंगन, गांव के पनघट और कस्बों के सार्वजनिक स्थानों से कुएं गायब हुए हैं। बावडिों को हजम करने का काम भी आजादी के बाद ही हुआ। हमारा आदि-समाज गर्मी के चार महीनों के लिए पानी जमा करने और किफायत से खर्च करने को अपनी संस्कृति मानता था। अपने इलाके के मौसम, जलवायु चक्र, भूगर्भ, धरती-संरचना, पानी की मांग-आपूर्ति का गणित भी जानता था। उसे पता था कि खेत को कब पानी चाहिए और कितना मवेशी को और कितने में कंठ तर हो जाएगा। वह अपनी गाड़ी को साफ करने के लिए पाइप से पानी बहाने या हजामत के लिए चालीस लीटर पानी बहा देने वाली टोंटी का आदी नहीं था। भले ही आज उसे बीते जमाने की तकनीक कहा जाए लेकिन आज भी देश के कस्बे-शहर में बनने वाली जल योजनाओं में पानी की खपत और आवक का वह गणित कोई नहीं आंक पाता है, जो हमारा पुराना समाज जानता था। राजस्थान में तालाब, बावडिां, कुई और झालार सदियों से सूखे का सामना करते रहे। ऐसे ही कर्नाटक में कैरे, तमिलनाडु में ऐरी, नगालैंड में जोबो तो लेह-लद्दाख में जिंग, महाराष्ट्र में पैट, उत्तराखंड में गुल, हिमाचल प्रदेश में कुल और जम्मू में कुहाल कुछ ऐसे पारंपरिक जल-संवर्धन के सलीके थे जो आधुनिकता की आंधी में कहीं गुम हो गए और आज जब पाताल का पानी निकालने और नदियों पर बांध बनाने की जुगत नाकाम होती दिख रही हैं तो फिर उनकी याद आ रही है। गुजरात में कच्छ के रण में पारंपरिक मालधारी लोग खारे पानी के ऊपर तैरती बारिश की बूंदों के मीठे पानी को विरदाइ के प्रयोग से संरक्षित करने की कला जानते थे। सनद रहे कि उस इलाके में बारिश भी बहुत कम होती है। हिम-रेगिस्तान कहे जाने वाले लेह-लद्दाख में सुबह बरफ रहती है, और दिन में धूप के कारण कुछ पानी बनता है जो शाम को बहता है। वहां के लोग जानते थे कि शाम को मिले पानी को सुबह कैसे इस्तेमाल किया जाए। तमिलनाडु में एक जल सरिता या धारा को कई-कई तालाबों की श्रृंखला में मोड़कर हर बूंद को बड़ी नदी और वहां से समुद्र में बेजा होने से रोकने की अनूठी परंपरा थी। उत्तरी अराकोट और चेंगलपेट जिले में पलार एनीकेट के जरिए इस पद्धति तालाबइ प्रणाली में 317 तालाब जुड़े हैं। रामनाथपुरम में तालाबों की अंतश्रृंखला भी विस्मयकारी है। पानी के कारण पलायन के लिए बदनाम बुंदेलखंड में भी पहाड़ी के नीचे तालाब, पहाड़ी पर हरियाली वाला जंगल और एक तालाब के ओनेइ (अतिरिक्त जी की निकासी का मुंह) से नाली निकाल कर उसे उसके नीचे धरातल पर बने दूसरे तालाब से जोडे और ऐसे पांच-पांच तालाबों की कतार बनाने की परंपरा 900वीं सदी में चंदेल राजाओं के काल से रही है। वहां तालाबों के आंतरिक जुड़ावों को तोड़ा गया, तालाब के बंधान फोड़े गए, तालाबों पर कालोनी या खेत के लिए कब्जे हुए, पहाड़ी फोड़ी गई, पेड़ उजाड़ दिए गए। इसके कारण जब जल देवता रूठे तो पहले नल, फिर नलकूप के टोटके किए गए। सभी उपाय जब हताश रहे तो आज फिर तालाबों की याद आ रही है।

# खुशहाल समाजों की रैंकिंग से भारत भ्रमित न हो

**फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है, पर गौर कीजिए, वहां आबादी सिर्फ 56 लाख है। मतलब, इस देश की चुनौतियां बहुत कम हैं। धार्मिक वातावरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। छोटा राष्ट्र होने की वजह से सरकारों के सामने समस्याएं कम है। अतः फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज समस्यामुक्त एवं काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है। पाकिस्तान पिछली बार 108वें स्थान पर था, इस बार 122वें पर आ गया है, पर तब भी भारत से चार पायदान ऊपर है। जिस देश में खूब महंगाई है, जहां की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, जहां धार्मिक उन्माद व्यापक है, जो आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है, वह देश भी अगर हमसे खुशहाल है, तो ऐसी खुशहाली मापने के तरीकों पर विचार होना चाहिए।**





**ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

143 देशों के विश्व खुशहाली रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर रहा है जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि भारत में दस अंकों का सुधार हुआ है, फिर भी भारत के लिये आश्चर्यकारी एवं विचारणीय है। फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है, पर गौर कीजिए, वहां आबादी सिर्फ 56 लाख है। मतलब, इस देश की चुनौतियां बहुत कम हैं। धार्मिक वातावरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। छोटा राष्ट्र होने की वजह से सरकारों के सामने समस्याएं कम है। अतः फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज समस्यामुक्त एवं काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है।

पाकिस्तान पिछली बार 108वें स्थान पर था, इस बार 122वें पर आ गया है, पर तब भी भारत से चार पायदान ऊपर है। जिस देश में खूब महंगाई है, जहां की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, जहां धार्मिक उन्माद व्यापक है, जो आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है, वह देश भी अगर हमसे खुशहाल है, तो ऐसी खुशहाली मापने के तरीकों पर विचार होना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि खुशहाली को तय करने के पैमानों में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान को 122वें स्थान की रैंकिंग देना विडंबनापूर्ण एवं विसंगतिमय हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाती है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग। यह विडंबना ही है कि धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। ऐसी अतार्किक सूची देखकर अफसोस एवं आश्चर्य भी होता है और चिंता भी होती है। क्या खुशहाली को धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता के आधार पर ज्यादा नहीं देखा जाना चाहिए? खुशहाली को केवल आर्थिक समृद्धि और संसाधनों की अधिकता में घटाकर देखना सही नहीं है। खुशहाली की रैंकिंग को देखकर भारत को कतई भ्रमित नहीं होना चाहिए।

एक और विडंबना देखिए, निर्मम युद्ध लड़ रहा इजरायल पांचवां सबसे खुशहाल देश है! पीड़ित फलस्तीन 103वें स्थान पर है, तो रूस 72वें स्थान पर और यूक्रेन 105वें स्थान पर। ये देश युद्ध के बावजूद भारत से ज्यादा खुशहाल हैं। पता नहीं, इस रैंकिंग पर कितना भरोसा किया जाए? जहां तक भारत का सवाल है, खुशहाली के सभी पैमानों पर हमें अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। एक बड़ा सवाल यह भी है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं? यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निमार्ताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है।

भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत के अल्पसंख्यक समुदायों की कट्टरता एवं संकीर्णता भी खुशहाल समाज निर्माण की बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 126वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है। गरीब भारत भी विकास कर रहा है, लेकिन आबादी इतनी ज्यादा है कि अभी देश को समग्रता में खुशहाल देशों में अव्वल स्थान बनाने में वक्त लगेगा। सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की आबादी महज 56 लाख है, उसके लिए विकास आसान है। भारत के मुम्बई, दिल्ली, कोलकता शहर में इसमें कहीं ज्यादा लोग रहते हैं। वैसे भी खुशी महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है।

खुशी एवं प्रसन्नता हम सबकी जरूरत है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारी यह जरूरत पूरी हो पा रही है, ताजा आकलन से तो यही सिद्ध हो रहा है कि हम खुशी एवं प्रसन्नता के मामले में लगातार पिछड़ रहे हैं। विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश है। खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं समस्याएं दी है। समस्याओं के घनघोर अंधेरों के बीच उनका चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय और खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह स्थितियां एक असंतुलित एवं अराजक समाज व्यवस्था की निष्पत्ति है। ऐसे माहौल में व्यक्ति एवं समाज खुशहाल नहीं हो सकता।

खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है। रिपोर्ट का मकसद विभिन्न देशों के शासकों को आईना दिखाना है कि उनकी नीतियां लोगों की जिंदगी खुशहाल बनाने में कोई भूमिका निभा रही हैं या नहीं? हमारा शीर्ष नेतृत्व आजादी के बाद से ही निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कामना करता रहा है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी है, नकारात्मकता के इस व्यूह को तोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुशी एवं प्रसन्न जीवन के लक्ष्य को आकार दिया है, उन्होंने गहन अंधेरों से देश की जनता को बाहर निकालते हुए विगत एक दशक में अपने कामकाज एवं नीतियों से एक आशावाद उकेरा है। भारत में युवा सबसे अधिक खुश हैं, जबकि निम्न मध्यमवर्गीय लोग सबसे कम खुश हैं।

# होली पर विशेष : मस्ती में सरोबार होकर मनाते हैं राजस्थान में होली

**होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है। भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है।**





**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है।

भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं। मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती हैं। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं। शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्व है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरूआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।

शेखावाटी अंचल के हर गांव कस्बे में रात्रि में लोग एकत्रित होकर चंग की मधुर धुन पर देर रात्रि तक धमाल गाते हुए मोहल्लों में घूमते रहते हैं। होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरूआत कर दी जाती है।

शेखावाटी अंचल में होली एक सुप्रसिद्ध लोक पर्व है तथा इस पर्व को क्षेत्र में पूरे देश से अलग ही ढंग से मनाया जाता है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शेखावाटी क्षेत्र में बसंत पंचमी के दिन से शुरूआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। इन धमालों के माध्यम से जहां प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को अपने प्रेम का संदेशा पहुंचाते हैं वहाँ श्रद्धालु धमालों के माध्यम से लोक देवताओं को याद कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। धमाल के साथ ही रात्रि में नवयुवक विभिन्न प्रकार के स्वांग भी निकाल कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। गांवों में स्त्रियां रात्रि में चौक में एकत्रित होकर मंगल गीत, बधावे गाती हैं। होली के दिनों में आधी रात तक गांवों में उल्लास छाया रहता है।

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में हर मोहल्ले में अपनी चंग पार्टी होती है। चंग शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है। इसमें प्रत्येक पुरुष चंग बजाते हुये नृत्य करते हैं। यह मुख्यतः होली के दिनों में किया जाता है। चंग को प्रत्येक पुरुष अपने एक हाथ से थाम कर और दूसरे हाथ से कटरवे का ठेका बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। घेरे के मध्य में एकत्रित होकर धमाल और होली के गीत गाते हैं। होली के एक पखवाडे पहले गींदड शुरू हो जाता है। जगह-जगह भांग घुटती है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं।

# व्यंग्य : फाइव-जी युग की होली बोले तो...

विनोद कुमार विक्की

प्रह्लाद युग से पंच जी (5-जी) युग तक की होली के स्वैग में कितना कुछ बदलाव आया है, यह बताने के लिए होली के सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक आदि सहित बहुआयामी पहलुओं पर चर्चा आवश्यक है।

विज्ञान के दृष्टिकोण से देखा जाए, तो होली असीम ऊर्जा प्रदान करने वाला महापर्व है। होलियाना मिजाज को देखते हुए लाठी टेक कर चलने वाला पैंसठ वर्षीय बुढ़े जीजा भी अपनी दक्षता एवं कुशलता से फागुन में सोलह से बीस साल की युवा साली अथवा सड़हज का जुगाड़ कर लेते हैं, जबकि ताजा-ताजा बालिग हुआ नवयुवक मोहल्ले, टोले में भाभी जी का। होली के दौरान च्यवनप्राश का सेवन किए बिना ही गाँव के युवा से वयोवृद्ध तक के हाड़ मांस में अद्वितीय स्फूर्ति का संचार होने लगता है। अपनी आयु और औकात के अनुरूप टिन, चदरा, कनस्तर की धुन और फगुआ राग पर अपनी गायकी से संपूर्ण गाँव की भौजाई को रिझाने की जुगाड़ में लग जाते हैं। इनके रहस्यमयी इच्छा और शक्ति (इच्छा शक्ति) पर चिकित्सा विज्ञान भी अचंभित है। सांस्कृतिक दृष्टिकोण से होली को गीत-संगीत का महापर्व माना जा सकता है। कुकुरमुत्ते की तरह पनपने वाले क्षेत्र के इंडियन आइडल (लोक गायक) होली की आड़ में द्विअर्थी भोजपुरी गीत-संगीत को बकायदा भुनाने में लग जाते है। चौक चौराहे पर स्थित पान की दुकान, सैलून के स्वामी एवं टेम्पो चालक भौजी, साली की महिमा मंडित होली गीतों का प्रोमो तेज ध्वनि वाले ब्लूटूथ स्पीकर पर फाल्गुन आगमन के पहले से ही करने लगता है। भले ही फागुन के आगमन पर पेड़ से पत्ता झड़े, ना झड़े, आलस्य बढ़ाने वाली हवाएँ चले, ना चले, लेकिन द्विअर्थी गीत खूब चलते हैं। क्षेत्रीय गायक अपने धरोहर अश्लील गानों से सभ्य समाज में फगुनाहट का अहसास कराने में एड़ी चोटी का जोर लगा देते हैं। सामाजिक प्रभाव के तहत होली रिश्तेदारों के आपसी संबंध को प्रगाढ़ बनाता है। यह और बात है कि प्रगाढ़ता का अनुबंध सिर्फ जीजा-साली और देवर-भाभी पर ही लागू होता है। मजे की बात है कि सरकार ने अभी तक इस पर संज्ञान नही लिया है, अन्यथा नाम परिवर्तन की आड़ में अब तक इस पर्व को जीजा-साली, देवर-भौजाई वैश्विक रंग महोत्सव का नाम दे दिया गया होता। होली वात्सल्य और बाहुबल प्रदाता है। होली के दिन बंदा सामने से आ रहे हर काले, पीले रंग से पूते अथवा बाबा इलायची की तरह सिल्वर पेंटेड चेहरे को बिना पहचाने ही गले लगाने को आतुर दिखता है। आजीवन सहोदर को गले ना लगाने वाला भाई, पड़ोसी से टेढ़ा मुँह बात करने वाले फगुआ प्रेमी भी सस्ता नशा से अपने इंसानियत की डिस्चार्ज हो चुकी बैट्री को हंड्रेड परशेंट रीचार्ज कर डालता है और बंदा पुरे गाँव के बाशिंदों को गले लगा-लगा कर भाईचारा का टॉपअप मुफ्त में बाँटता फिरता है। बीपीएल समुदाय के फगुआ प्रेमी भी होली में रंग गुलाल खरीद गली मुहल्ले में फलां या ढिमका की जोरू को हैप्पी होली भौजी बोलकर होली की शुभकामनाएँ देने में व्यस्त रहता है। ड्राय स्टेट में फगुआ प्रेमी चोरका दारु का जुगाड़ लगाने का अथक प्रयास में लगा रहता है, तो कुछ बीपीएल कैटिगिरी के फगुआ प्रेमी भांग अथवा सस्ता नशा कर समाज, शासन और प्रशासन सहित समस्त संसार को ललकारने में लग जाता है। होली ज्ञान प्रदायिनी महापर्व है। कुछ मानवों को जल संरक्षण के दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होली के दौरान होता है और वो वाटरलेस होली का ज्ञान बांचना शुरू करते हैं। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि कब है होली का उद्घोष करने वाले रामगढ़ के आदरणीय गब्बर सिंह को भी होली का इंतजार उतनी बेसब्री से ना रहा होगा, जितना यूपी-बिहार में देवर, जीजा, शराबियों और भोजपुरी गायकों को रहता है। तो चलिए, बुरा ना मानो होली है के सार्वजनिक मंत्रोच्चार के साथ इस बहुआयामी महापर्व में बौराने का आनंद लिया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### वैध खनन एवं शराब के कारोबारियों/माफिया के विरुद्ध सीसीए के तहत होगी कार्रवाई

छपरा। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सारण जिला में असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। अवैध रूप से खनन एवं शराब का धंधा करने वाले कारोबारियों/माफिया के विरुद्ध बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम (सीसीए) के तहत प्राप्त प्रस्ताव पर जिला दंडाधिकारी द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सीसीए के तहत आदेश निर्गत होने के उपरांत संबंधित व्यक्ति को निर्धारित थाने में प्रतिदिन/निर्धारित दिवस को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

मुजौना से पुलिस ने 25 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

परसा। गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने मुजौना में छापेमारी करते हुए 25 लीटर देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार शराब तस्कर पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए शनिवार को जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार शराब तस्कर मुजौना निवासी पप्पू माझी बताया जाता है।

### इंटर विज्ञान में दूसरा स्थान प्राप्त कर सिमरन ने नाम किया रौशन

दरियापुर। स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के यमुनाचारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा सिमरन कुमारी इंटर विज्ञान संकाय में राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर सारण का नाम रौशन की है।इसे कुल 477 अंक मिले है।उक्त छात्रा दरियापुर निवासी धर्मेंद्र कुमार तथा ममता देवी की छोटी पुत्री है।जो बचपन से ही काफी मेधावी छात्रा है।इसकी पढ़ाई बचपन में परसा बाजार स्थित एक निजी विद्यालय में हुई। परंतु वर्ग 6 से 8 तक स्थानीय मध्य विद्यालय में तथा उसके बाद यमुनाचारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में ही हुई है।इसने वर्ष 2022 में मैट्रिक में सारण जिला में तीसरा स्थान प्राप्त की थी। वहीं इसकी बहन भी 2023 में अपने विद्यालय की टॉपर रही थी।इसके पिता दरियापुर में ही सोना चांदी के आभूषण की दुकान चलाते है।सिमरन ने बताया की मेरा लक्ष्य आयकर विभाग में वरीय अधिकारी बनना है। वहीं अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता तथा गुरुजनों को दिया है।इस सफलता पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी नीरज कुमार चौधरी ने मिठाई खिलाकर शुभकामना दी। वही विद्यालय के शिक्षक एवम तमाम बुद्धिजीवियों ने बधाई दी है।

### इंटर विज्ञान में रवि ने जिला टॉपर बन नाम किया रौशन

दरियापुर।स्थानीय यमुनाचारि उच्च माध्यमिक विद्यालय का छात्र रवि कुमार साव ने इंटर विज्ञान में 471 अंक हासिल कर जिला टॉपर बन नाम रौशन कर दिया।यह मैट्रिक की परीक्षा में भी विद्यालय टॉपर रह चुका है।यह स्थानीय निवासी स्वर्गीय राजकुमार साव तथा उर्मिला देवी का छोटा पुत्र बचपन से ही मेधावी है।पिता की वर्ष 2015 में ही हृदयगति रुकने से मौत हो गई थी।घर की माली हालत ठीक नहीं होने के बावजूद पढ़ाई में लगन होने के कारण ही हर बार परिणाम बेहतर होता है।इसकी सफलता पर स्थानीय बीईओ,शिक्षक तथा जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

### विधि मंडल में मनाई गई होली मिलन सह मूर्ख सम्मेलन

छपरा विधि मंडल के प्रांगण मे अधिवक्ताओ द्वारा होली मिलन सह मूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पारस नाथ श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुनील कुमार त्रिपाठी ने बेंच की ओर से सभी अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ता कलर्क तथा न्यायालय कर्मियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष पारस नाथ श्रीवास्तव द्वारा उन्हें होली की टोपी एवं रंग गुलाल लगा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। होली मिलन समारोह मे ए सी जे एम प्रथम बृजेश कुमार सहित अन्य न्यायिक दंडाधिकारी भी उपस्थित थे। कलाकारों द्वारा होली मिलन गीत गाया गया एवं अधिवकताओ ने भी होली गीत प्रस्तुत किया। विशेष रूप से अपर लोक अभियोजक पशुपतिनाथ अरुण ने भी होली गीत सुनाया। सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता ,न्यायालय कर्मी एवं मोवकील उपस्थित थे और सभी ने रंगारंग कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

### विधि मंडल मे शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु की शहादत दिवस मनाई गई

छपरा व्यवहार न्यायालय के विधि मंडल के सभा कक्ष में अधिवक्ता मधुसूदन मंडल की अध्यक्षता में शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की शहादत दिवस मनाई गई जिसमें अधिवक्ता राजेश्वर प्रसाद राय सियाराम सिंह अधिवक्ता प्रभुनाथ यादव सुनीता पांडे अशोक कुमार सिंह बजरंगबली पांडे रविंद्र कुमार राधा राय सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित हुए और शहीदो के तैल चित्र पर पुष्प अर्जित किया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा आम निर्वाचन के तैयारियों की समीक्षा

- डिस्पैच सेंटर को लेकर की जा रही तैयारियों को लेकर दिया आवश्यक दिशा निदेश




प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने आज समाहरणालय सभागार में निर्वाचन के तैयारियों की समीक्षा की। मतदान दल कर्मियों को मतदान केन्द्र पर भेजने के लिये बनाये जा रहे डिस्पैच सेंटर पर आयोग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को दिया गया। सारण लोकसभा के अंतर्गत सोनपुर एवं परसा विधान सभा क्षेत्र के लिये जयप्रकाश विश्वविद्यालय, अमनौर एवं गड़खा विधानसभा के लिये आईटीआई मढ़ौरा तथा छपरा एवं गड़खा विधान सभा के लिये बाजार समिति, छपरा में डिस्पैच सेंटर बनाया जा रहा है। महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत एकमा एवं मांझी विधानसभा के लिये राजेन्द्र कॉलेज तथा बनियापुर एवं तरैया विधानसभा के लिये बाजार समिति में डिस्पैच सेंटर बनाया जा रहा है। इन सभी स्थलों पर पेयजल एवं शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। पर्याप्त एवं दृष्टिगोचर साइनेज लगाने को कहा गया। मतदान दल के कर्मियों एवं पुलिस पार्टी का मिलान संबंधित डिस्पैच सेंटर पर मतदान तिथि से दो दिन पूर्व किया जायेगा। प्रत्येक पोलिंग पार्टी के लिए पाँच-पाँच कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी सेंटर पर उपयुक्त गुणवत्ता के पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने को कहा गया। मतदान दल कर्मियों को दी जाने वाली मतदान सामग्री मतदान तिथि से 3 दिन पूर्व तक अवश्य रूप से डिस्पैच सेंटर पर सामग्री कोषांग द्वारा पहुंचा देना चाहिये।

पोलिंग पार्टी को मतदान तिथि से एक दिन पूर्व मतदान सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। पोलिंग पार्टी की ब्रीफिंग की जायेगी। ब्रीफिंग के उपरांत ही पोलिंग पार्टी को सम्बद्ध सुरक्षा बल के साथ ईवीएम उपलब्ध कराया जायेगा। मतदान दल के कर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण हेतु पर्याप्त संख्या में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी डिस्पैच सेंटर पर मेडिकल यूनिट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। पोलिंग पार्टी के डिस्पैच के दिन के लिये सभी सेंटर के लिये अलग अलग ट्रैफिक प्लान तैयार करने को कहा गया ताकि पोलिंग पार्टी की सभी गाड़ियां बगैर किसी व्यवधान के अपने गंतव्य के लिये प्रस्थान कर सके। बैठक में उपविकास आयुक्त, नगर आयुक्त,अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत, विभिन्न कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

## दा एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया का सीएमई कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय शहर के लक्ष्मीपुर स्थित एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल रक्सौल और दी एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया, बिहार, मोतिहारी एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रक्सौल के सौजन्य से वाई. एस. रिसोर्ट के प्रांगण में सीएमई अर्थात सतत चिकित्सा शिक्षा आयोजित किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन एसआरपी के चेयरमैन रामाशीष प्रसाद के साथ निदेशक डॉ. सुजीत कुमार, मशहूर सर्जन डॉ. आशुतोष शरण, डॉ. तबरेज अजीज, अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन, डॉ. एस. के. सिंह एवं डॉ. अनिल कुमार आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन आर्किटेक ऐश्वर्या गुप्ता ने की। इस दौरान डॉ. आशुतोष शरण ने वहां सभी डॉक्टर्स को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जूनियर को भी साथ लेकर चले और जूनियर का कर्तव्य है कि अपने सीनियर का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल में स्थित एसआरपी हॉस्पिटल एवं डॉ. सुजीत लोगों को बेहतर सेवा दे रहे हैं। यहां पर पड़ोसी देश नेपाल से भी लोग आकर अपना ईलाज कराते हैं, इसलिए डॉ. सुजीत बधाई के पात्र हैं। वहीं डॉ. तबरेज अजीज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और अपने अनुभव को शेयर किया। वहीं डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. एस. एन. राय, डॉ. अमित कुमार, डॉ. खुर्शीद आलम, मंगलम जांच घर के निदेशक डॉ. ए. ठाकुर, डॉ. एम. आजम, अरविंद सिंह, रवि मस्करा, अमित उपाध्याय सहित उपरोक्त दीप प्रज्वलन करने वाले अतिथियों को एसआरपी हॉस्पिटल द्वारा दोशाला ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम समापन के बाद भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर डॉ. संजय मिश्रा, पवन कुशवाहा, स्वास्थ्य प्रबंधक आशीष कुमार, यूनिसेफ के बीएमसी अनिल कुमार, प्रवीण कुमार, देवाशीष कुमार, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. कुमार मनीष एवं मो. अली आदि सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। इसके लिए एसआरपी परिवार ने सबको धन्यवाद दिया।

## भेल्दी में दरवाजे से हुई बोलेरो की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता

भेल्दी(सारण)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पटराही खुर्द गांव में एक दरवाजे पर लगी बोलेरो की चोरी चोरों ने कर ली। भेल्दी थाने में दिए गए आवेदन में भेल्दी थाने के पटराही खुर्द गांव के जलेश्वर प्रसाद यादव ने कहा है कि शुक्रवार की रात में मेरे दरवाजे पर मेरा बोलेरो गाड़ी जिसका नंबर बीआर1एपी 2558 लगा हुआ था।घर के अंदर से जब बाहर निकला तो देखा कि बोलेरो गायब है।काफी खोजबीन किया फिर भी पता नहीं चला।अज्ञात चोरों द्वारा बोलेरो की चोरी कर ली गई है।इस संबंध में भेल्दी थाने में एक आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है।पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन की।भेल्दी थाना क्षेत्र में इन दिनों बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों का विश्वास पुलिस पर से उठता जा रहा है।चोरी की घटना से लोग काफी भयभीत है।

## आरएसए ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। आर एस ए की ओर से होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ।कार्यक्रम में सभी आर एस ए संगठन के सदस्य और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए और होली के गानों पर अबीर गुलाल उड़ाकर जमकर मस्ती की. ।ब्इस अवसर पर संगठन के नेताओं के द्वारा कहा गया कि होली मिलन में भाईचारे को दी जा रही मजबूती. इस बार होली को लेकर काफी उत्साह है.। एक वर्ष के बाद इस प्रकार होली का माहौल बना हुआ है और ऐसे माहौल में होली मिलन के माध्यम से आपसी भाईचारा को और मजबूती दी जा रही है। संगठन के छात्र-छात्राएं इस होली मिलन में शरीक हो रहे हैं. वहीं जो पूर्ववर्ती संगठन के सदस्य रहे हैं, वह भी आ रहे हैं. होली को लेकर सभी में उत्साह है. गायकों की भी प्रस्तुति हुई है. इसके अलावा रिकॉर्डिंग गानों पर सभी नाच रहे हैं झूम रहे हैं. इसके साथ-साथ खाने-पीने का भी बेहतर प्रबंध किया गया है.होली मिलन को लेकर सभी में उत्साह है और खाने-पीने में पुआ बना हुआ है. इसके अलावा शरबत और लस्सी की भी व्यवस्था है. सभी छात्र आ रहे हैं और रंग अबीर गुलाल उड़ाकर होली का जश्न मना रहे हैं. तमाम संगठन के सदस्य एक साथ मिलकर होली मिलन मना रहे हैं. इस होली के माध्यम से वह लोग यही संदेश दे रहे हैं कि इस बार का चुनाव हुआ छात्र संघ सभी छात्र संघ को एकजुट कर मिलजुल कर काम करने का प्रयास कर रहा है और एक साथ मिलजुल कर विश्वविद्यालय और छात्र हित के लिए काम करना लक्ष्य भी है. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संगठन के संरक्षक आशीष कुमार उर्फ गुलशन यादव, प्रमेन्द्र,विवेक कुमार विजय संयोजक उज्वल सिंह, विश्वविद्यालय अध्यक्ष राहुल यादव, विकाश सिंह सेंगर, विशाल सिंह, दीपा पांडे, श्रुति पांडे, छोटी कुमारी, शिवानी कुमारी, ईशा कुमारी, परमजीत, गोलू कुमार, सौरव कुमार, समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह पप्पू भैया ने उमधा स्थित अपने पैतृक आवास पर शुक्रवार की संध्या होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकताओं, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों ने होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया। होली मिलन समारोह के दौरान पप्पू भैया ने भेद-भाव व आपसी बैर को भुलाकर आपसी सौहार्द के साथ होली का त्योहार मनाने की अपील की। समारोह में पप्पू भैया व उनके अनुज व फकुली पंचायत के मुखिया सुमित कुमार सिंह ने कार्यक्रम में शामिल समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, मीडिया कर्मियों, पंचायत प्रतिनिधियों व आम नागरिकों को अंगवस्त्र, होली का मिष्ठान तथा रंग-गुलाल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर व हवा में गुलाल उड़ा कर होली के रंगभरे गीतों की ताल पर ताल देकर थिरकते नजर आए। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता मनोज सिंह पप्पू भैया ने किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन फकुली पंचायत के मुखिया सुमित कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह का प्रबंधन मीडिया प्रभारी चंदन प्रताप सिंह ने किया। होली मिलन समारोह में भाजपा नेता मनोज सिंह पप्पू भैया, राजू सिंह, सुभाष सिंह, फकुली पंचायत के मुखिया सुमित कुमार सिंह, समाजसेवी राजीव सिंह, उप मुखिया बिपुल सिंह, पूर्व सरपंच दामोदर सिंह, उप सरपंच बबलू सिंह, बीडीसी मनोज शर्मा, भाजपा नेता कामेश्वर ओझा, जितेंद्र सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील सिंह, सत्य नारायण राम, जेमुन राम, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, उनके प्रतिनिधि, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकताओं के अलावा मीडिया कर्मियो आदि ने गुलाल व फूलों की होली खेली।

## माँ सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। शिक्षक छात्र व अभिभावकों के बेहतर समन्वय से ही बेहतरीन प्रतिभा को उकेरा जा सकता है। यह बातें महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह ने माँझी के रघुनाथ गिरी के मठिया स्थित माँ सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। बताते चलें कि विद्यालय के 542 परीक्षार्थियों में शामिल 315 छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से पास करने में सफलता प्राप्त की है। समारोह में सांसद ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र व छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो आदि से सम्मानित किया। समारोह में सम्मानित होने वाले टॉपर्स छात्रों में क्रमशः भूमिका कुमारी,हिमांशू कुमार,दीपू कुमार,लक्ष्य कुमार,अप्सरा हाशमी,आदर्श कुमार,सुरभी कुमारी,बबली कुमारी,रीतिका कुमारी,रौशनी गिरी,खुशी कुमारी,हिमांशू कुमार तथा अंजली गिरी शामिल हैं। इससे पहले सारण जिला राजद के वरीय नेता सुधांशू रंजन ने समारोह का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि देहाती क्षेत्र के छात्रों में प्रतिभा कूट कूट कर भरी है जिन्हें पठन पाठन योग्य माहौल प्रदान करके उनका समुचित उत्थान किया जा सकता है। समारोह को पूर्व जिप सदस्य धर्मेन्द्र सिंह समाज, प्रो शिवाजी सिंह,प्रो अशोक कुमार गिरी,बिनय कुमार यादव,जय किशोर सिंह,कामेश्वर गिरी तथा प्राचार्य परमहँस यादव आदि ने सम्बोधित किया। मौके पर विद्यालय के सचिव उमेश कुमार गिरी ने आगत अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता अमरनाथ तिवारी तथा संचालन प्रभाकर शर्मा ने किया।

## एक दिवसीय सेमिनार का का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

परसा। विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस के अवसर पर अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तिचक में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।जिसका विधिवत उद्घाटन अखंड निदेशक मृत्युंजय तिवारी,मेडिकल डायरेक्टर डॉ अजीत कुमार पोद्दार,अधिवक्ता अतुल श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते निदेशक मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि आई हॉस्पिटल से तीन सौ से ज्यादा छात्रा ऑप्टोमेट्री की डिग्री हासिल कर देश के अलग अलग क्षेत्र में कार्य में जुटे है।बर्तमान समय में लगभग पांच सौ छात्रा तैयारी में जुटी है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक बर्ष आई हॉस्पिटल से सौ छात्रा सफलता हासिल करेंगी।उन्होंने विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस पर देश के सभी ऑप्टोमेट्री को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया।वही मेडिकल डायरेक्टर डॉ अजित कुमार पोद्दार ने कहा कि ऑप्टोमेट्री एक प्राथमिक नेत्र परीक्षण और उपचार का एक डिग्री है।जिसके माध्यम छात्रा नेत्र परीक्षण करने की प्रशिक्षण हासिल करती है।उन्होंने कहा कि आई हॉस्पिटल में नामांकित छात्राओ को पढ़ाई कराया जाता है। उन्होंने ऑप्टोमेट्री पर विशेष जानकारी दिया।तथा सभी छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना किया।कार्यक्रम को ट्रस्टी अधिवक्ता अतुल श्रीवास्तव ने संबिधित करते हुए छात्राओं को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान सभी छात्रों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अमित कुमार सिंह,राजीव चौरसिया,छाया तिवारी,छबि तिवारी समेत सैकड़ो छात्रा और चिकित्सक उपस्थित थे।

### इसुआपुर पुलिस ने विदेशी शराब के साथ चार धंधेबाजों को धर दबोचा

संवाद सूत्र, इसुआपुर ।इसुआपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सहवां गांव में छापेमारी कर 38 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। वही धंधे में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि एक धंधेबाज पुलिस को देखकर फरार हो गया। गिरफ्तार धंधेबाजों में सुरत राय के पुत्र शिव शंकर राय, शिव शंकर राय के पुत्र मिथिलेश राय व मंटू राय तथा भगवान महतो के पुत्र आकाश कुमार हैं।

## रेल पहिया कारखाना में आयोजित टूर्नामेंट का हुआ समापन

प्रात : किरण संवाददाता



दरियापुर। स्थानीय रेल पहिया कारखाना में आयोजित अंतर्विभागीय क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मैच का आयोजन किया गया।जिसमे आरपीएफ टीम एवम उत्पादन की टीम के बीच मुकाबला हुआ।जिसमे आर पी एफ की टीम विजई घोषित हुई।इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल्य सिन्हा ने कहा की इस अंतर्विभागीय क्रिकेट टूनामेंट की सफलता से रामांचित है।टूनामेंट में करी प्रतिस्पर्धा और रोमांचक मैच देखने को मिला ,जिसमे दोनो टीम ने असाधारण कौशल तथा दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन किया।आरपीएफ की टीम खिताब जीतने के लिए अच्छी शक्ति और टीम वर्क के कारण जीत हासिल करने में सफल रही। वहीं विजेता टीम एवम आयोजन समिति के सदस्यों को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### शराब पीकर हंगामा कर रहे चार शराबी गिरफ्तार

परसा। स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग अलग गाँवो में शराब पीकर हंगामा चार शराबी को परसा पुलिस ने गिरफ्तार किया । गिरफ्तार शराबी पर सनहा दर्ज हो गया।उक्त गिरफ्तार शराबी स्थानीय थाना क्षेत्र के लतरहिया गांव निवासी भोली सहनी का पुत्र ललन सहनी विशुनपुर गाव निवासी रामप्रवेश राय का पुत्र उमेश राय श्रीरामपुर गाव निवासी उत्तिम राम का पुत्र नवलेश कुमार दुलारचन्द्र राम का पुत्र महेश राम बताया जाता है.। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कुछ शराबियों द्वारा शराब पीकर हंगमा किया जा रहा है. जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए चार शराबी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## होली को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

परसा। शनिवार को परसा थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी. बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्वारा क्षेत्र जनप्रतिनिधि प्रतिनिधि समाजसेवी इत्यादि लोगों के साथ बैठक की गई. बैठक में मुख्य रुप से होली को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया. दौरान शांति वातावरण बनाये रखने की अपील किया । बैठक में शामिल लोगों ने होली के त्यौवहार पर सामाजिक सौहार्द व शांति ब्यवस्था कायम रखने जैसी मुद्दों अपना -अपना विचार रखा । साथ ही सभी ने होली व रमजान के दौरान शांति बनाये रखने में सहयोग की बात कही । होली के पर्व के दौरान शराबियों व कथित कारोबारियों पर नकेल कसने की अधिकारियों से अपील की । बैठक में थानाध्यक्ष पिन्टू कुमार ने कहा होली के दौरान शराब के नशा करनेवाले बख्से नहीं जायेंगे ।असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी । वैसे लोगों की होली जेल में होगी ।होली के दौरान डीजे अश्लील गीत बजाने वालो की खैर नही होगी।

### लायंस छपरा ग्रेटर ने किया अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर के द्वारा शनिवार को 142 गरीबों एवं भूखे को अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण का कार्यक्रम अंश फ्लैश श्री दावत रेस्टोरेंट के नीचे किया गया खिचड़ी खाकर गरीब मजदूर रिक्शा वाले काफी खुश हुए और क्लब के लोगों को दुआएं दी। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया कि खिचड़ी-वितरण का यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को दिन में 1:00 बजे से लगातार किया जा रहा है और सभी का भरपूर सहयोग मिलना है। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका प्रोग्राम अध्यक्ष मनीष मिश्रा, क्लब अध्यक्ष करण सिंह क्लब सचिव राजेश कुमार उपाध्याय, सुमन कुमार सिंह, दिलीप कुमार चौरसिया की रही।

### होली को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

एकमा। स्थानीय थाना परिसर में होली का पर्व शांति तरीके से बनाने को लेकर शनिवार के दिन शांति समिति की बैठक सीओ राहुल शंकर की अध्यक्षता में हुई । बैठक में मुख्य रूप से शराब के सेवन करने वाले व शराब धंधा करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई । साथ ही डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी । वहीं थाना अध्यक्ष उदय कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि अश्लील गीतों पर प्रतिबंध शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कही । वहीं बीडीओ डॉ सत्येंद्र परासर ने होली का पर्व आपसी भाईचारे के साथ शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए लोगों से अपील किया ।इस मौके पर मुखिया पति भरत सिंह बच्चा सिंह मुन्ना कुमार नवल किशोर चौधरी जयप्रकाश शर्मा रतन सिंह अजीत श्रीवास्तव श्याम किशोर तिवारी अजय सिंह ओपी गुप्ता बबलू ओझा आदि काफी संख्या में ब्लॉक उपस्थित थे।

## होली महापर्व को शांति, सदभावपूर्ण मनाने के लिए शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



बनियापुर । बनियापुर थाना परिसर मे होली महापर्व को शांति एव सदभावपूर्णा माहौल मे मनाने के लिए प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोगो,जन प्रतिनिधियों एव समाजिक कार्यकर्ताओ के बींच बीडीओ कपूर्री ठाकुर, थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सीओ दीना नाथ कुमार के द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया, जहा होली के पूर्व आयोजित कार्यक्रम मे सबका भव्य स्वागत के साथ थानाध्यक्ष ने कार्यक्रम की शुरूआत अपने संबोधन से किया जिसमे उन्हीने होली के मौके पर उत्पात मचाने वाले,हुरदङी असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते पूरे थाना क्षेत्र मे शांति पूर्ण होली मनामे के आम जनता समाजिक कार्यकर्ता और जन प्रतिनिधियों ने किया गया।मौके पर मुखिया अरुण दास सुरेश साह सरपंच मुन्ना साहू राजू शर्मा समाजिक कार्यकर्ता इल्ताफ अंसारी सहित भारी संख्या मे गणमान्य शामिल थे।

## एसीएम के नेतृत्व में चला विषेश टिकट चेकिंग अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



पीरपैंती, भागलपुर । रेलवे स्टेशन पर मालदा एसीएम विजय सिंह, कमर्शियल इंस्पेक्टर प्रणय कुमार सहित टिकट स्कॉट के द्वारा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एसीएम विजय सिंह ने स्टेशन पर मौजूद प्रत्येक यात्रियों का टिकट जांच करवाया व टिकट नहीं रहने पर यात्रियों से जुमार्ना वसूली गयी। इस क्रम में पीरपैंती रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में खलबली मच गई। जिससे टिकट काउंटर पर बड़ी संख्या में भीड़ देखने को मिली। वहीं एसीएम विजय सिंह व प्रणय कुमार ने आरक्षित टिकट काउंटर के कर्मी से पिछले दस दिनों का विवरण भी लिया। विवरण देख असंतुष्ट व लापरवाही देखकर अधिकारियों ने कर्मी को फटकार लगायी। मौके पर कमर्शियल इंस्पेक्टर अमर रजक, प्रणय कुमार, सतीश ओझा व मुनेश्वर यादव सहित कई टीटीई मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### होली मिलन समारोह का आयोजन

आरा : बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ भोजपुर का होली मिलन प्रोग्राम मेजर राणा प्रताप सिंह के अध्यक्षता में जिला सैनिक कार्यालय के ऊपर आरम गांव में मनाया गया जिसमें जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे एवं सीआईडी कैंटीन के जेसीओ सूबेदार पलविंदर सिंह एवं उनके स्टाफ जिला सैनिक कार्यालय के पूरे स्टाफ और बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ के सभी लोग मौजूद रहे सबने एक दूसरे का अभी लगाकर होली मनाई। होली पर्व एक भाईचारे का पर्व है इसमें सभी लोग अपना पुरानी रंजीत छोड़कर एक दूसरे को गले मिलते हैं आपसे सद्भावना बढ़ती है और एक दूसरे की अच्छी कामना के लिए बधाई देते हैं। होली मिलन का आज का प्रोग्राम का संचालन सार्जेंट एस के पांडे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सूबेदार मेजर कन्हैया सिंह ने दिया आज के इस होली मिलन में सूबेदार मेजर कर्मकार साहब परमहंस साहब शंकर सिंह आदि मौजूद थे।

### जन वितरण डीलर संघ ने मनाया होली मिलन समारोह



नोखा (रोहतास) नगर और प्रखंड क्षेत्रों के जन वितरण डीलरों ने महादेवी राइस मील परिसर में होली मिलन समारोह मनाया। समारोह का आयोजन डीलर संघ ने प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में किया। जिसका संचालन जाकिर हुसैन ने की। अवसर पर डीलरों ने आपसी भाईचारे के बीच एक दूसरे को रंग-अबीर लगा होली की बधाई दी। मौके पर एमओ संजीव कुमार, हैप्पी, टिपू सुल्तान, रामदेव सिंह, ललन सिंह, फारुक रशिद, सुमंत कुमार, राकेश कुमार, धर्मेन्द्र गुप्ता, विनय कुमार, रविशंकर सिंह, भिखारी राम, रामजी पासवान, रुपेश चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शहीदे-आजम भगत सिंह को राष्ट्र नायक का दर्जा देकर 23 मार्च को सरकारी छुट्टी घोषित करे सरकार:दिलराज प्रीतम

**आइसा-आरवाईए ने राष्ट्रनायक शहीद -ए -आजम भगत सिंह की शहादत दिवस पर की श्रद्धांजलि सभा**

- सभा की अध्यक्षता और संचालन आइसा नेता कमलेश सिंह ने किया



प्रात: किरण संवाददाता

आरा,इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने राष्ट्र नायक शहीद-ए -आजम भगत सिंह की शहादत दिवस पर करमन टोला आरा में भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नौजवानों का जत्था शहीद-ए -आजम भगत सिंह की क्रांतिकारी विरासत जिंदाबाद, भगत तेरा मिशन अधूरा हम सब मिलकर करेंगे पूरा , शहीदों के सपनों को नीलाम करने वालो खबरदार देश का यूवा है तैयार, नफरत का कारोबार बंद करो- रोजगार का प्रबंध करो, रोजी दो-रोजगार दो नहीं तो गद्दी छोड़ दो, देश के छात्र-युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करो, मुद्दा मत भटकाओ - रोजगार कहा के ये बतलाओ,रोजगार पर श्वेत पत्र लाना होगा, रेल बैंक व कल-कारखानों को बेचना बन्द करो, देश की संपदा को देशी-विदेशी पूंजीपतियों के हाथों बेचना बंद करो जैसे गगन भेदी नारे लगा रहे थे। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा की शहीदे आजम भगत सिंह देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। भगत सिंह ने पूंजीवाद ओर साम्राज्यवाद को मानव जाति का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। वह हर प्रकार के शोषण के खिलाफ थे। भगत सिंह एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना चाहते थे जहा मनुष्य द्वारा मनुष्य का शोषण न हों। उत्पादन के साधनों पर कुछ लोगो का अधिकार न हों। लेकिन आज इसके बिल्कुल उलट हो रहा है। जिस भगत सिंह ने समाज को समतामूलक बनाने के लिए लड़ाई लड़ी थी। वर्तमान सरकार उनके सपनों को कुचल रही है। लोकतंत्र और संविधान खतरे में है,हमें लोकतंत्र और संविधान की हर हाल में रक्षा करनी है, आगामी लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। कार्यक्रम में उपस्थित रहे भाकपा माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ,आइसा राज्य सचिव सबीर कुमार, इनौस जिला अध्यक्ष निरंजन केसरी,आइसा जिला सचिव विकास कुमार, सह सचिव कमलेश यादव,रौशन कुशवाहा, युवा नेता विक्की आनंद,सुधीर कुमार,उपाध्यक्ष चंदन दास ,जयशंकर प्रसाद, शाहिल अरोड़ा,सागर पासवान, शुभम मौर्य, अनूप कुमार ,संदीप कुमार समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

# लापरवाह पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को दी गई चेतावनी



- आगामी चुनाव और होली पर्व को देखते हुए सभी थाना क्षेत्र में चलाई जा रही विशेष सकमालीन
- अभियान का भी पुलिस अधीक्षक और सहायक पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्थिति को चेक किया गया
- एसपी तथा एएसपी ने अवैध बालू खनन तथा परिवहन के विरुद्ध चलाए अभियान
- गस्ती चेकिंग, थाना परिसर में ओडी चेकिंग तथा डायल 112 के सतर्कता को चेक किया
- चरपोखरी तथा उदवंतनगर के ओडी पदाधिकारी को किया पुरस्कृत

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार एवं सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने संयुक्त रुप से 22 और 23 मार्च की मध्य रात्रि में भोजपुर के कई थाना क्षेत्र में न सिर्फ अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान अन्य अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एसडीओ और खनन अधिकारी तथा डीटीओ मौजूद रहें, बल्कि इसके साथ ही विभिन्न थाना क्षेत्र की गस्ती चेकिंग थाना परिसर में ओडी चेकिंग तथा डायल 112 की गाड़ियों की सतर्कता को चेक किया गया। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले डायल 112 जीरो माइल तथा ओडी पदाधिकारी एएसआई रीता कुमारी चरपोखरी थाना तथा पीटीसी अनुपमा कुमारी ओडी पदाधिकारी उदवंतनगर तथा उदवंतनगर के संतरी होमगार्ड को पुरस्कृत भी किया। लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी और कर्मियों को चेतावनी दी गई तथा कुछ को स्पष्टीकरण की भी मांग की गई है। आगामी चुनाव और होली पर्व को देखते हुए सभी थाना क्षेत्र में चलाई जा रही विशेष समकालीन अभियान का भी पुलिस अधीक्षक और सहायक पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्थिति को चेक किया गया, तो ज्यादातर थानाध्यक्ष समकालीन अभियान के तहत क्षेत्र में छापेमारी में पाए गए। सभी थाना अध्यक्ष को आगामी चुनाव और होली पर्व को देखते हुए कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए तथा इसका सख्ती से अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम



प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास जिले के सासाराम एनएच-दो पर किरहींडी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन कि टक्कर से बाइक सवार महिला कि मौत हो गई। घटना रोहतास जिले के शिवसागर थानाक्षेत्र कि बताई गई है। एनएच-दो के एंबुलेंस नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि अज्ञात वाहन कि टक्कर से बाइक सवार महिला कि मौत हो गई। महिला के शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम हेतु लाया गया है। मृतीका महिला करहगर थानाक्षेत्र के सेमरी गांव निवासी बिकास कुमार साह कि पत्नी सुमन कुमारी बताई गई है।

घटना के संबंध में बताया गया कि शिवसागर थानाक्षेत्र के मदैनी निवासी राज कुमार साह ने बाईक से अपने पुत्री सुमन कुमारी उसके ससुराल करगहर थानाक्षेत्र के सेमरी जा रहे थे। तभी शिवसागर थानाक्षेत्र के किरहींडी मोड़ के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से महिला सुमन कुमारी कि मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का अगली कार्रवाई जारी है।

# मनोकामना पूर्ण होने पर मंत्री ने हनुमान मंदिर में माथा टेका

**शहर व गांव में लोगों ने मंत्री का किया भव्य स्वागत**



प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह मंत्री पद संभालने के बाद पहली बार शुक्रवार की शाम बिक्रमगंज पहुंचे। जहां उनके समर्थकों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह व भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में स्थानीय शहर के तेंदुनी चौक सहित धारूपुर गांव में बुके, अंगवस्त्र देते हुए फुल माला पहना कर मंत्री का भव्य स्वागत किया। अवसर पर मंत्री ने व्यापार मंडल अध्यक्ष के आवास पर लोगों का अभिनंदन करते हुए पत्रकारों से रूबरू होकर कहा कि मेरी मनोकामना थी कि यदि मेरे राजनीति जीवन में मैं मंत्री बनूंगा तो बिक्रमगंज के धारूपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर में रामभक्त हनुमान जी महाराज के समक्ष माथा टेक आशीर्वाद लेने अवश्य आयेंगे। जिनकी कृपा से हमारी मनोकामना पूर्ण हो गई है। साथ ही मंत्री के रूप में कैमूर-रोहतास के साथ-साथ बिहार की जनता के विकास कार्य के उम्मीद पर खरा उतरूंगा। राज्य सरकार ने जो जिमेवारी सौंपी है उसे ईमानदारी पूर्वक लोगों के बीच पूरा करूंगा। वही प्रधानमंत्री मोदी की जो सोच है कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को मुख्या धारा में लाना है, उस दिशा में अथक प्रयास भी करूंगा। जबकि डॉ. मनीष रंजन ने उन्हें बधाई देते हुए बताया कि संतोष सिंह के मंत्री बनते ही क्षेत्र के लोगों में विकास की उम्मीद जग गई है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता - सुनील सिंह, अजीत सिंह, ललित मोहन तिवारी, लल्लू सिंह व पूर्व मुखिया विनोद सिंह, पूर्व वार्ड ललन चौरसिया, पहाड़ सिंह, दीपू सिंह, सरोज सिंह, भूलेटन सिंह, गुडडू सिंह, बब सिंह, पूर्व उप सभापति विकास सिंह, मुन्ना सिंह, विनोद सिंह, हरेंद्र हरियाली सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# बांगुर सीमेंट द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**समारोह में डीलरों को आकर्षक उपहार देकर किया गया सम्मानित**



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शहर के चंदवा स्थित रिजार्ट में शुक्रवार को बांगुर सीमेंट के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में भोजपुर और पटना बिहटा के बांगुर सीमेंट के दो सौ डीलर उपस्थित रहें। कार्यक्रम आरा और पटना जिले के बांगुर सीमेंट के सेल्स प्रमोटर अभिजीत आनंद के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन जी, भाजपा के प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन उर्फ छोटे ने संयुक्त रुप से किया। इस मौके पर कंपनी के बिहार हेड मनोज सिंह, टेक्निकल हेड कुलजीत सिंह, एरिया मैनेजर राजीव रंजन, ऑफिसर शशिकांत श्रीवास्तव, आजाद श्रीवास्तव एवं टेक्निकल इंजीनियर गौरव सिंह सम्मिलित हुए।होली मिलन समारोह में अतिथियों को बुके और अंगवस्त्र देखकर मंच पर सम्मानित किया गया, वही डीलरों को उपहार देकर विदा किया गया। इस अवसर पर सेल्स प्रमोटर अभिजीत आनंद ने कहा की बांगुर सीमेंट के न्यू लॉन्चिंग ब्रांड बांगुर मैग्ना, बांगुर पावर मैक्स को लोगों ने खूब सराहा है, दोनो सीमेंट ग्राहको का लोकप्रिय सीमेंट बना हुआ है। होली मिलन समारोह में अधिकृत विक्रेता चौधरी ट्रेडर्स, कुशवाहा ट्रेडर्स, लक्ष्मी फर्टिलाइजर, धनलक्ष्मी फर्टिलाइजर, लक्ष्मी इंटरप्राइजेज, दुर्गा ट्रेडर्स, पांडेय सीमेंट स्टोर और लक्ष्मी आयरन सीमेंट स्टोर समेत अन्य डीलर उपस्थित रहें।

# होली को ले थानाध्यक्ष ने किया शांति समिति की बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) थानाध्यक्ष के नेतृत्व में शनिवार को स्थनीय थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिस बैठक में विभिन्न पंचायत सहित नगर परिषद के सभी जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। वही होली पर्व से पूर्व शराब का सेवन करने वालों व शराब धंधेबाज व डीजे बजाने वाले संचालक के विरुद्ध सख्त रहने की बातें थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने कही। उन्होंने सभी विभागीय थाना पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए शरारती तत्वों पर नकेल कसने जोर दिया। बैठक उपरांत प्रखंड क्षेत्र के पंचायत व नगर परिषद के विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित आप लोगों ने थानाध्यक्ष से बात करते हुए होली पर्व पर होनेवाली समस्या को रखा। जिनके बातों पर थानाध्यक्ष ने अमल करते हुए उन्होंने उपस्थित प्रखंड के विभिन्न पदाधिकारियों को लोगों की समस्या से जुड़ी बातों का समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही होली पर्व को महान बताते हुए कहा कि यह पर्व एक दूसरे को प्यार के बंधन में जोड़ने का प्रतीक हैं। जिस पर्व को सभी लोगों को शांति सौहार्द के साथ माननी चाहिए। होली के दिन यदि किसी क्षेत्र में को अप्रिय घटना या अपराध ना हो इसकी सूचना लोग स्थानीय प्रशासन को तत्काल दें। मौके पर सीओ मकसूदन कुमार चौरसिया, प्रखंड प्रमुख धनंजय चौधरी, उपप्रमुख कैलाश पासवान, वार्ड सदस्य मनोज कुमार,राकेश कुमार, अख्तर जमाल, आफताब आलम, गुलाम मोहम्मद, गुलाम गौस, पूर्व जिला परिषद सदस्य रविशंकर सिंह, रामजी पासवान,अजय चंद्रवंशी, सत्यनारायण चंद्रवंशी व जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नन्हें-मुन्ने बच्चों ने होली मिलन में उड़ाया गुलाल




प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय रोड़ स्थित माई छोटा स्कूल में अबीर-गुलाल लगा स्कूल कर्मियों सहित स्कूली बच्चों ने जमकर खेली होली। अवसर पर नन्हें मुन्ने छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल रंग लगा गले मिल होली पर्व की हार्दिक बधाई दी। होली मिलन कार्यक्रम अवसर पर स्कूल निदेशक रेणु सिंह के नेतृत्व में सभी बच्चों के मां पिता को भी आमंत्रित किया गया था। जहां बच्चों के मां सहित शिक्षिकाओं ने भी स्कूल परिसर में होली संगीत पर थिरकते हुए एक-दूसरे से गले मिल अबीर-गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दी। वही बच्चों ने स्कूल में उपस्थित अपने माता-पिता को थाल सजा दीपक तिलक लगाते हुए उनका चरण छू आशीर्वाद लिया। जबकि माता पिता ने स्कूल बनें सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते हुए इस होली पल को यादगार बनाया। समारोह पर निदेशक रेणु सिंह ने बताया कि हिंदू समाज का महान पर्व होली लोगों को एक दूसरे को स्नेह के बंधन में बांधने का प्रतीक है। जिस दिन सभी लोगों को गीला शिकवा भुला दुश्मन को भी गले लगा उन्हें प्यार करने का संदेश देता है। मौके पर शिक्षिका पम्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रिया शर्मा, मुनीमा अख्तर व छात्र नित्या प्रकाश, नैना गुप्ता, सौम्या गुप्ता, शिवांगी त्रिपाठी, अनीता आर्यन, रुद्र पाठक, सुधांशु कुमार, शिवांश मोदी, रुहीन खां सहित सभी बच्चों के माता-पिता उपस्थित थें।

# रोहतास में डीएम और एसपी ने होली को लेकर अधिकारियों को किया संयुक्त ब्रीफिंग

प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास डीएम नवीन कुमार तथा एसपी विनीत कुमार ने होली में विधि व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ब्रिफिंग किया गया। होली त्योहार को लेकर विधि व्यवस्था आदि कि जानकारी दी गई। संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया गया। डीएम नवीन कुमार ने बताया कि होली में विधि व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को होली के बीच विभिन्न तरह के गतिविधियों पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया। इस ब्रिफिंग में 5 सौ से अधिक चयनित प्लाईट पर तैनाती कर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। डीएम नवीन कुमार ने बताया ड्यूटी से गायब होने पर भी कार्रवाई कि जाएगी। एसपी विनीत कुमार ने बताया होली के दौरान सभी गतिविधियों पर पुलिस कि नजर बना हुआ है। सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलाने वाले पर भी कड़ी नजर रहेगी।

# बालिका उच्च विद्यालय एवं शिशु संस्थान महादेवा रोड आरा के प्रांगण में होली-मिलन समारोह का आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

आरा : बालिका उच्च विद्यालय एवं शिशु संस्थान महादेवा रोड आरा के प्रांगण में होली-मिलन समारोह का आयोजन नवम वर्ग की छात्राओं द्वारा बडे ही धूमधाम से किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकागण के साथ साथ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जगदीश सिंह ने सभी बच्चों को होली की शुभकामनाएं दी तथा सभी बच्चों को रंगों के महत्व को बताते हुए आपस में घुल मिलकर प्रेम और सौहार्द के साथ होली पर्व को मनाने की सीख दी। प्रोफेसर श्री सुनील कुमार ने भी बच्चों को होली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा।

कि होली खुशियों का त्यौहार है और यह दोस्तों, परिवारों और समुदायों के लिए साथ आने और पारंपरिक रंगों और गीत-संगीत के साथ उत्सव मनाने का बेहतरीन समय है। यह व्यक्तिगत चिंतन के साथ- साथ विवादों को भूलने और गलतियों को माफ करते हुए अपने आसपास के लोगों के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने का मौका है। कार्यक्रम का आरंभ मूर्खों की सभा कर के किया गया जिसमें नवम वर्ग की छात्रा नंदनी कुमारी सोनी को मुखार्धीराज , पलक गुप्ता को मुर्खाधिरानी, चतुर्थ वर्ग की छात्रा सृष्टि गुप्ता को महामंत्री तथा वर्ग पष्ठ की छात्रा प्राची कुमारी और कोमल कुमारी को राजा का संतरी की उपाधि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रदान की गई। सभी पात्रों ने अपने हास्यास्पद अभिनय से सभी का भरपूर मनोरंजन किया।

जिसका आनंद सभी छात्र- छात्राओं ने खूब उठाया। मूर्खाधिराज की फरमाइश पर पंचम की छात्रा नंदनी कुमारी और चतुर्थ वर्ग के छात्र आदित्य धनराज ने होली के दिन दिल खिल जाते हैं रंगों में रंग मिल जाते हैं, जोगी जी धीरे धीरे , सिया चलली अवधवा की ओर गीत गा कर सबको खूब झुमाया ।

सप्तम वर्ग की छात्रा नैंसी मिश्रा ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली, होली खेले रथुवीरा , डालत रंग अबीर गा कर श्रोताओं को खूब झुमाया तबले पर संगत इनके छोटे भाई सत्यम मिश्रा ने बखूबी निभाया।इस अवसर पर वर्ग सप्तम की छात्रा अंशिका कुमारी ,कृतिका कुमारी अन्नु कुमारी, चाहत कुमारी, रिया कुमारी, जिया कुमारी ने होली खेले रघुवीरा के गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरी। सभी छात्र - छात्राओं ने एक दूसरे को खूब अबीर गुलाल लगा कर होली का जश्न मनाया और अपने गुरु जन को अबीर अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं क्रमशः गायत्री अखौरी, पुष्पा पांडे, उषा कुमारी, डॉ. निरुपमा सिंह, श्री सुरेश कुमार, श्री सुर्यकांत कुमार, श्री नर्वदेश्वर उपाध्याय ,श्री चंद्रभूषण उपाध्याय , सुश्री प्रियंका कुमारी और निदेशक श्री रामजी तिवारी उपस्थित थे।

# न्यूटन कोचिंग की छात्रा 471 अंक के साथ बनी रोहतास इंटर साइंस टॉपर



प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के डेहरी रोड में संचालित न्यूटन कोचिंग सेंटर की छात्रा इंटर साइंस में 471अंक प्राप्त कर रोहतास जिला में टॉप स्थान प्राप्त किया है। छात्र के इस उपलब्धि पर संस्थान एवं परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। शुभकामना देते हुए सभी ने उज्जवल भविष्य की कामना किया है। संस्थान के संचालक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ फुलेंद्र सिंह ने छात्रा एवं उनके परिजनों को सम्मानित करने का काम किया। छात्र को मिठाई खिलाकर उन्होंने उज्जवल भविष्य की कामना किया। उन्होंने बताया कि प्लस टू उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय जमोढ़ी में नामांकित छात्रा सुदीक्षा मिश्रा को इंटर की परीक्षा में 471 अंक प्राप्त हुए हैं। बिक्रमगंज प्रखंड के घोसिया खुर्द निवासी संजय कुमार मिश्रा की पुत्री है। जो पेसे से शिक्षक हैं। माता सुमन मिश्रा ग्रहणी है। पुत्री को इंटर परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होने से दोनों काफी खुश नजर आए। पीसी सेंटर की छात्रा कोआथ प्रखंड के देवगना निवासी सरोज कुमार यादव की पुत्री सरिता कुमारी को 460 अंक प्राप्त हुए हैं। केमिस्ट्री क्लासेस बिक्रमगंज में भी सरिता ने सफलता का हुनर अभिषेक पांडे एवं एक पांडे के मार्गदर्शन में सीखा है।

# इंटरमीडिएट परीक्षा मेंअभिलाषा ने बिहार में पाचवां स्थान लाकर जिला का नाम की रौशन



प्रात: किरण संवाददाता

कैमूर : जिले के रामगढ़ प्रखंड के आदर्श बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ की छात्रा अभिलाषा कुमारी ने जिला का नाम किया रौशन। बता दे की रामगढ़ निवासी विजय साह की पुत्री अभिलाषा कुमारी आदर्श बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में आर्ट की छात्रा इंटरमीडिएट बिहार में 5 वां स्थान लाकर विघालय सहीत जिला का नाम की रौशन इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने शिक्षक को दी।

और परिवार का पूरा सहयोग बताया अभिलाषा ने अपने अभिलाष जाहिर करते हुए कहा कि खुद में लगन हो तो शिक्षक भी पढ़ने से पीछे नहीं हटते परीक्षा फल आते हैं शिक्षकों और शुभचिंतकों के द्वारा बधाईयों का लगा तांता आदर्श बालिका +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल सिंह ने मिठाई खिलाकर दी बधाई।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला चार अवार्ड



प्रात: किरण संवाददाता

चांद प्रखंड में मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सदर अस्पताल के द्वारा चार अवार्ड प्रदान किया गया।सदर अस्पताल भभुआ की सिविल सर्जन के द्वारा यह पुरस्कार दिया गया। जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा पुरूष नसबंदी में प्रथम स्थान यूवीन पोर्टल एंट्री में प्रथम स्थान आरसीएच प्रोग्राम में प्रथम स्थान एवं फैमिली प्लानिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आशा सोनी देवी को भी पुरस्कृत किया गया।

# वार्ड नंबर 7 में समाजसेवी अमर प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया



प्रात: किरण संवाददाता

आरा : प्रताप क्लीनिक एवं प्रताप उत्सव गार्डन के तरफ से होली मिलन का आयोजन बच्चा जी का हाता में किया गया होली मिलन समारोह में मोहल्ले जनता के अलावा शहर के सभी क्षेत्र के समाजसेवी समाजसेवी वार्ड नंबर 7 समाजसेवी अमर प्रताप सिंह के द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया इस होली मिलन में एक दूसरे को भी अबीर गुलाल लगाकर शुभकामना दी इस होली मिलन में डॉक्टर एस चंद्रा डॉ राहुल रंजन डॉ मोहम्मद इकबाल डॉ प्रियंका अपना नाम अखंड प्रताप सिंह राजीव प्रसाद प्रमोद कुमार प्रकाश कुमार रमेश कुमार गुड्डा जी मनोज कुमार गुप्ता बिट्टू अभय सिंह अनुज कुमार साह पिंटू कुमार गुप्ता बिट्टू रॉक मनोज केसरी छोटे यादव राजू कुमार कन्हैया जी मनीष कुमार केसरी अजय प्रसाद मनोज कुमार केसरी अमित पटेल आयुष कुमार केके ओझा विजय पाठक इस होली मिलन में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए।



# मैं चूहे-बिल्ली की दौड़ का हिस्सा नहीं बनना चाहती हूं

**सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 से अंकिता लोखंडे ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं। अंकिता बिग बॉस 17 की विजेता तो नहीं बन पाईं, लेकिन अब उन्हें कई बड़े प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिल रहे हैं। बिग बॉस 17 में सफल प्रदर्शन के बाद, अंकिता लोखंडे स्वतंत्र वीर सावरकर के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अंकिता सावरकर की पत्नी यमुना बाई की भूमिका निभाएंगी।**

अभिनेत्री अपने इस किरदार को लेकर काफी उत्साहित है और बताया है कि वह भविष्य में ऐसी ही भूमिकाओं का चुनाव करेंगी।अंकिता ने साझा किया कि उन्होंने एक करियर चुना है, जहां वह अच्छे सिनेमा से जुड़ना चाहती हैं। अंकिता ने कहा, मैं हर जगह नजर नहीं आना चाहती। मैं बस कुछ जरूरी चीजों का हिस्सा बनना चाहती हूं। मैं इसी तरह के रोल करना चाहती हूं। मुझे चीजें इसी तरह पसंद हैं। इससे मुझे यह विश्वास भी मिलता है कि मैं ऐसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं कर सकती हूं। अंकिता ने आगे कहा, मैं चूहे-बिल्ली की दौड़ का हिस्सा नहीं बनना चाहती हूं। मैं उस ट्रैक पर नहीं जाना चाहती हूं। मुझे उन लोगों से कोई समस्या नहीं है, जो ऐसा करते हैं, लेकिन यह मेरे लिए नहीं है। जो भी हो, लेकिन मैं अपने लिए उनमें से सर्वश्रेष्ठ को चुनूंगी। मैं बहुत चयनात्मक हूं और अपना काम बुद्धिमानी से चुनती हूं। मैं गलतियां कर सकती हूं, लेकिन यह केवल मेरा निर्णय होगा। अपने करियर के बारे में बात करते हुए अंकिता ने कहा, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे विश्वास नहीं होता कि 20 साल हो गए हैं। मुझे आश्चर्य होता है कि मैंने कैसे इतना अच्छा काम किया और सफलता पाई। हम एक परिवार की तरह जुड़ा हुआ भी महसूस करते हैं। मुझे अपनी पीठ थपथपाने और शाबाश कहने का मन कर रहा है। फैंस का मुझे ढेर सारा प्यार मिल रहा है और इससे मैं बहुत खुश भी हूं।



# ए वतन मेरे वतन स्टार सारा अली खान का छलका दर्द

सारा अली खान अक्सर बड़े ही प्यार से लोगों से मिलती हैं। सोशल मीडिया पर पैपराजी से बातें करते हुए कई बार वे अपने मशहूर मजाकिया अंदाज में दिखती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सारा ने कहा, जो मेरे करीबी लोग हैं वे जानते हैं कि मैं कब सीरियस होती हूं और कब मजाक कर रही हूं। सारा अली खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ए वतन मेरे वतन को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह फिल्म एक पीरियड ड्रामा फिल्म है। सारा के फैंस उन्हें एक क्रांतिकारी के रूप में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। हाल ही में अपनी फिल्म की प्रमोशन के दौरान सारा अपनी निजी जिंदगी और मजाकिया स्वाभाव के बारे में खुलकर बातें करती नजर आईं।

मजाकिया होना मुर्ख होना नहीं है


सारा अली खान अक्सर बड़े ही प्यार से लोगों से मिलती हैं। सोशल मीडिया पर पैपराजी से बातें करते हुए कई बार वे अपने मशहूर मजाकिया अंदाज में दिखती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सारा ने कहा, जो मेरे करीबी लोग हैं वे जानते हैं कि मैं कब सीरियस होती हूं और कब मजाक कर रही हूं। मैं अक्सर पब्लिक डोमेन में लोगों से हंस कर या कोई जोक क्रैक करके मिलती हूं इसलिए उन्हें लगता है कि मैं जोकर हूं तो मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

## मेरा काम मेरे लिए बोलता है

सारा अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं फिल्म इंडस्ट्री में हूं, मेरा काम फिल्मों में काम करना है। अगर लोगों को काम पसंद नहीं आए तब मुझे परेशानी होगी। मैं किसी अवॉर्ड नाईट में डांस परफॉर्म करूं और या कोई काम करूं जिसके लिए अगर वे मुझे जज करेंगे तब बुरा लगेगा। मेरे मजाकिया रवैये के वजह से अगर वे कुछ भी बोलते हैं तो मैं ध्यान नहीं देती हूं। हां, पहले जरूर सोचती थी कि क्या मजाकिया लोगों का आत्मसम्मान नहीं होता है। उन्हें भी चीजें बुरी लग सकती हैं, लेकिन अब मैंने ध्यान देना छोड़ दिया है।

# पहली बार एक्शन अवतार में नजर आएंगे पावेल गुलाटी

अभिनेता पावेल गुलाटी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म देवा को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में पावेल गुलाटी पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं तो वहीं पहली बार जबरदस्त एक्शन सीन में भी नजर आएंगे। इस फिल्म के खतरनाक से खतरनाक स्टंट सीन पावेल गुलाटी ने बिना किसी बॉडी डबल के खुद ही किए हैं। पावेल गुलाटी का मानना है कि खुद स्टंट करना बहुत ही कठिन था, लेकिन ऐसा करना पुरस्कृत अनुभव था। पावेल गुलाटी ने फिल्म देवा में पहली बार अभिनेता शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहिद कपूर भी एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहा है। इस फिल्म में शाहिद कपूर ने एक प्रतिभाशाली लेकिन उदंड पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं जो एक हाई प्रोफाइल मामले की जांच करता है। फिल्म में शाहिद कपूर की भूमिका दमदार है ही, पावेल गुलाटी की भूमिका भी फिल्म में काफी खास बताई जा रही है। इस फिल्म में शाहिद कपूर और पावेल गुलाटी जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आएंगे। फिल्म देवा में पावेल गुलाटी जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म के खतरनाक से खतरनाक स्टंट दृश्यों की शूटिंग पावेल गुलाटी ने बिना किसी बॉडी डबल के की है। पावेल गुलाटी कहते हैं, मुझे किरदार के सार को पूरी तरह से समझने और अपनाने के एक्शन दृश्यों की प्रामाणिकता लाने की जरुरत थी। इसलिए एक्शन दृश्यों में मैंने किसी बॉडी डबल का इस्तेमाल नहीं किया। हालांकि ऐसा करना मेरे लिए बहुत ही कठिन था, लेकिन ऐसा करना मेरे लिए पुरस्कृत होने जैसा अनुभव था। फिल्म में एक्शन दृश्यों की तैयारी को लेकर पावेल गुलाटी कहते हैं, फिल्म की शूटिंग के पहले हम लोग एक्शन दृश्यों का रिहर्सल कर लेते थे ताकि शूटिंग के समय ज्यादा परेशानी ना हो। रिहर्सल के दौरान हार्नेस ( सेफ्टी बेल्ट) पहनकर स्टंट सीन करते थे। शूटिंग के समय अक्सर हार्नेस को नहीं पहनते हैं, लेकिन जब खतरनाक दृश्यों की शुटिंग होती थी तो हार्नेस का इस्तेमाल करते हैं और वीएफएक्स में हार्नेस को हटा देते हैं ताकि दर्शकों को स्टंट सीन वास्तविक लगे। इस फिल्म में काम करना चुनौतियों और रोमांच से भरी एक रोमांचक यात्रा रही है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो हमेशा एक्शन शैली की ओर आकर्षित रहा है।





# इंडस्ट्री में अपनी मज़बूती बरकरार रखने के लिए कृति ने कहा

भारतीय सिनेमा में, जहां लाइन-ऐज अक्सर सफलता तय करती दिखती है, कृति सैनन एक ताज़ा विसंगति के रूप में उभरी हैं। इंडस्ट्री के बाहरी व्यक्ति से एक सच्चे गेम चेंजर के रूप में उभरते हुए, उन्होंने सभी बाधाओं को हराते हुए अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लिए एक जगह बनाई है। मिमी में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना, उनकी शानदार यात्रा का प्रमाण है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में, उन्होंने एक रोबोट की भूमिका निभाकर एक साहसी उद्यम शुरू किया। रोबोटिक तौर-तरीकों और बारीकियों में महारत हासिल करते हुए, उन्होंने एक बेजान किरदार में जान डाल दी और एक अभिनेत्री के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की। भारतीय अभिनेत्रियों की टॉप श्रेणी में शामिल होने के बावजूद कृति ज़मीन पर टिकी हुई हैं, यह स्वीकार करते हुए कि अभी भी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है।





# ये धमाकेदार साउथ फिल्में प्राइम वीडियो पर देंगी दस्तक

## कांतारा 2 और कंगुवा भी कतार में





ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी फिल्मों और सीरीज का एलान कर दिया है। एक इवेंट के दौरान ओटीटी ने अपने कई प्रोजेक्ट्स से पर्दा उठाया। हिंदी में क्राइम, एक्शन, हॉरर और थ्रिलर फिल्मों-सीरीज के अलावा प्राइम वीडियो पर साउथ की भी कई धांसू फिल्में रिलीज होने वाली हैं।

सूर्या, बॉबी देओल, दिशा पाटनी और योगी बाबू अभिनती इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीज अलग ही क्रेज है। फिल्म एनिमल में विलेन के रूप में दर्शकों का दिल जीतने वाले बॉबी देओल इस फिल्म में भी खलनायक के रोल में दिखेंगे। निर्देशक शिवा की यह फिल्म कई भाषाओं में रिलीज होगी। सिनेमाघरों के बाद यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज की जाएगी। यह एक रोमांटिक फैमिली ड्रामा फिल्म है। इसमें विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर नजर आएंगे। इसे निर्माता इसी साल रिलीज करेंगे। रिलीज के बाद यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म कांतारा 2 को लेकर भी दर्शकों में गजब का उत्साह है। इस फिल्म का पहला पार्ट यानि कांतारा बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही। अब ऋषभ शेट्टी कांतारा 2 लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को मेकर्स इसी साल रिलीज करेंगे। यह फिल्म अब अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। राम चरण और कियारा आडवाणी अभिनीत, निर्देशक शंकर की फिल्म गेम चेंजर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इसे लेकर फैंस का उत्साह सांतवे आसमान पर है। यह फिल्म भी इसी साल सिनेमाघरों तक पहुंचेगी। थिएटर के बाद फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी, इसका एलान हो चुका है।




# राजू सुनते सबकी हैं, लेकिन करते अपने मन की हैं



थ्री इडियट्स में आर माधवन ने पहली बार निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ काम किया था। अभिनेता थ्री इडियट्स की शूटिंग के दिनों को याद करते हुए कहते हैं, यह फिल्म सिर्फ राजू के लिए ही नहीं हम सबके लिए काफी खास थी। थ्री इडियट्स में हम काफी कुछ अलग कर रहे थे। मुझे अच्छी तरह से याद है कि कैसे फिल्म में बच्चे की डिलीवरी वाले दृश्य को फिल्माया गया था। आर माधवन अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, कई लोगों ने राजू से कहा कि यह दृश्य फिल्म के लिए सही नहीं है इसे फिल्म से हटा दो, लेकिन राजू ने किसी की नहीं सुनी। राजू ने फैसला किया कि फिल्म में वह दृश्य बिल्कुल वैसे ही रखा जाएगा। थ्री इडियट्स में आर माधवन के अलावा आमिर खान और करीना कपूर अहम भूमिका में नजर आए थे। आज भी दर्शकों को फिल्म का ऑल इज वेल डायलॉग याद है। आर माधवन ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म रहना है तेरे दिल में से किया था। उन्होंने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। इन दिनों उनकी फिल्म शैतान बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। इस फिल्म में एक विलेन की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं।



# टॉक्सिक में हुई कियारा आडवाणी की एंट्री!

केजीएफ चैप्टर 2 के बाद अभिनेता यश टॉक्सिक नाम की फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास कर रही हैं। बीते कुछ महीनों से यह फिल्म लगातार चर्चा में हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। जानकारी के मुताबिक इस फिल्म में लीड एक्ट्रेस के रूप में कियारा आडवाणी नजर आने वाली हैं। शुरुआत में मेकर्स इस फिल्म में एनिमल फेम एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी को कास्ट करना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बन सकी और अब नवीनतम मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। हाल ही में इस प्रोजेक्ट से करीना कपूर खान के जुड़ने की भी खबरें सामने आई थीं, लेकिन फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने इन खबरों को महज अफवाह करार दिया था। कियारा आडवाणी हाल ही में फरहान अख्तर की बहुप्रतीक्षित फिल्म डॉन 3 में भी शामिल हुई हैं। फिल्म में वे रणवीर कपूर के साथ नजर आएंगी। यह पहला मौका होगा जब दोनों कलाकार साथ में स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। टॉक्सिक की बात करें तो यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म होगी, जिसकी कहानी को ड्रग माफिया की दुनिया के इर्द-गिर्द बुना गया है। गोवा की पृष्ठभूमि पर आधारित इस बड़े बजट की फिल्म में दर्शकों को रोमांच के साथ एक्शन का फुल डोज मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वेंकट के नारायण द्वारा निर्मित इस फिल्म का टीजर पिछले दिसंबर को जारी किया गया था, जिसकी दिलचस्प टैगलाइन वयस्कों के लिए एक परी कथा ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था।

# पिछले दो सीजन से ज्यादा मसालेदार होगी मिर्जापुर 3

श्वेता त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, अली फजल, रसिका दुग्गल और विजय वर्मा सहित मिर्जापुर के सारे सितारे एकजुट हुए। अभिनेता अली फजल ने सीरीज को लेकर कहा, आखिरकार हम वापस आ गए हैं और सीरीज के तीसरे सीजन में दर्शकों के लिए और भी मसाला है। वेब सीरीज मिर्जापुर 3 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) हो या शरद (अंजुम शर्मा), सभी से दर्शक सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। दो शानदार सीजन के बाद अब यह सीरीज और ज्यादा मसालेदार अंदाज में अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी करने वाली है। मंगलवार को मुंबई में आयोजित हुए प्राइव वीडियो के इवेंट में मिर्जापुर की स्टारकास्ट नजर आई और सभी ने आगामी सीजन के प्रति उत्साह जताया। अली फजल ने सीरीज की खूबियों का जिक्र किया और कहा कि नया सीजन और मजेदार होने वाला है। श्वेता त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, अली फजल, रसिका दुग्गल और विजय वर्मा सहित मिर्जापुर के सारे सितारे एकजुट हुए। अभिनेता अली फजल ने सीरीज को लेकर कहा, आखिरकार हम वापस आ गए हैं और सीरीज के तीसरे सीजन में दर्शकों के लिए और भी मसाला है। उन्होंने यह भी कहा कि तीसरा सीजन, पहले दो सीजन की तरह ही मजेदार होगा।

## देखने को मिलेगी वर्चस्व की लड़ाई

अली फजल ने आगे कहा, सीरीज में जहां कुछ नए किरदारों से रूबरू कराया जाएगा, वहीं कुछ पुराने किरदारों की विदाई भी होगी। मालूम हो कि मिर्जापुर सीरीज मिर्जापुर के किंग कालीन भैया और पंडित भाई गुड्डू और बबलू की कहानी है। दोनों के बीच ताकत के वर्चस्व की लड़ाई होती है। इसमें राजनीति और बिजनेस का तड़का है।

लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को मिर्जापुर 3 का फर्स्ट लुक साझा किया गया। पोस्टर में एक सिंघासननुमा कुर्सी है, जिसमें आग लगी हुई है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, सिंहासन पर अपना दावा पेश करते हुए, गुड्डु और गोलू एक नए दावेदार के खिलाफ खड़े हैं। क्या वे आग से गुजरेंगे या सत्ता की कुर्सी को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश करेंगे।






## संक्षिप्त समाचार

### रोबोटिक सर्जरी स्वास्थ्य प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनी

**भोपाल।** पिछले कुछ सालों में रोबोटिक सर्जरी स्वास्थ्य प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। भारत में रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी शुरू होने के लगभग दो दशकों के बाद आज ये विभिन्न स्पेशियलिटीज़ में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बन गई हैं। इससे पहले, मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और उपकरण का इस्तेमाल करते हैं।

रोबोटिक कार्डियेक सर्जरी के फायदों के बारे में डॉ. युगल किशोर मिश्रा, चीफ ऑफ क्लिनिकल सर्विसेज़, हेड ऑफ कार्डियेक साइंसेज़ एवं चीफ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन, मणिपाल हॉस्पिटल्स, द्वारका, नई दिल्ली ने कहा, ''ब्लैडर, प्रोस्टेट, हार्ट, डाईजेस्टिव सिस्टम आदि को प्रभावित करने वाली समस्याओं के लिए रोबोटिक सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है। रोबोटिक्स द्वारा हम मरीज को ज्यादा परेशानी पहुँचाए बिना संवेदनशील सर्जिकल प्रक्रियाएं कर सकते हैं। इसलिए जब भी संभव हो, हम रोबोटिक एएसडी सर्जरी ही किया करते हैं, क्योंकि इसमें चीरा कम लगाना पड़ता है, कम खून निकलता है, और कम दर्द होता है। इस प्रक्रिया में मरीज स्वास्थ्यलाभ तेजी से लेता है। आमतौर से ओपन हार्ट सर्जरी में मरीज को ठीक होने में 3 महीनों का समय लगता है, पर रोबोटिक प्रक्रिया द्वारा वह 1.5 महीने में ही स्वस्थ हो जाता है।

### वी जॉन बना लखनऊ सुपर जायन्ट्स का ग्रुमिंग पार्टनर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पर्सनल केयर ब्राण्ड वी जॉन ने बुधवार को बताया कि वे आगामी टी20 सीज़न 2024 के लिए लखनऊ सुपर जायन्ट्स के ऑफिशियल ग्रूमिंग पार्टनर होंगे। आगामी टी20 टूर्नामेन्ट के दौरान केएल राहुल की कप्तानी में टीम के नॉन-लीड ट्राउज़र्स पर वी जॉन का लोगो होगा, गौरतलब है कि देश विदेश से लाखों खेल प्रशंसक इस टूर्नामेन्ट को देखेंगे।

'लखनऊ सुपर जायन्ट्स के साथ ऑफिशियल ग्रूमिंग पार्टनर के रूप में जुड़ना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। टीम हमारी पर्सनल केयर रेंज की तरह गुणवत्ता और परफोर्मेन्स का दूसरा नाम बन चुकी है, जिसका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। टूर्नामेन्ट के माध्यम से हम अपनी प्रोडक्ट रेंज को अधिक से अधिक युवा दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं। हमें खुशी है कि हम लखनऊ सुपर जायन्ट्स को समर्थन दे रहे हैं, जिसने एक और सफल आउटिंग की योजनाएं बनाई हैं।' आशुतोष चौधरी, जनरल मैनेजर, मार्केटिंग, वी जॉन ने कहा।

लखनऊ सुपर जायन्ट्स के सीईओ श्री विनोद बिष्ट ने कहा, ''आगामी सीज़न में वी जॉन के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हो रहा है। ब्राण्ड नई पीढ़ी के आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति करता है- जो क्रिकेट के उस ब्राण्ड के साथ मेल खाता है, जिसे हम खेलना चाहते हैं।'

### एंजेल वन ने आईपीएल के साथ अपनी आधिकारिक साझेदारी की घोषणा की

**छिंदवाड़ा।** टैक्नोलॉजी आधारित वित्तीय सेवा कंपनी एंजेल वन लिमिटेड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी 2024 से 2028 तक की पांच साल की अवधि के लिए है। इस दौरान कंपनी वित्तीय सेवा श्रेणी में आईपीएल के एसोसिएट पार्टनर के रूप में काम करेगी। इस गठबंधन के माध्यम से, एंजेल वन का लक्ष्य वित्तीय जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आईपीएल के जरिये बड़ी संख्या में छिंदवाड़ा सहित देश में विशेषकर युवा वर्ग के बीच पहुंचना है। आईपीएल के साथ जुड़ने से एंजेल वन के लिए अपने ब्रांड को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने का एक आकर्षक अवसर मिलेगा, क्योंकि इस कार्यक्रम की टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफार्मों पर 800 मिलियन से अधिक दर्शकों तक पहुंच है।

## घटेगी महंगाई, इकॉनमी के लिए अच्छा होगा अगला वित्त वर्ष, मंथली इकोनॉमिक रिव्यू में सरकार ने जताई उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल ग्रोथ सुस्त होने के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था दमदार बनी हुई है। आने वाले महीनों में महंगाई घटने के आसार हैं। प्राइवेट इनवेस्टमेंट एक्टिविटी बढ़ रही है, प्राइवेट कंजम्पशन डिमांड मजबूत हो रही है और बेरोजगारी घट रही है। इंडियन इकॉनमी के लिए फाइनैंशल ईयर 2025 अच्छा होने की उम्मीद है। हालांकि अगले वित्त वर्ष में करंट अकाउंट डेफिसिट पर नजर रखनी होगी। शुक्रवार को जारी किए गए फरवरी के मंथली इकनॉमिक रिव्यू में फाइनैंस मिनिस्ट्री ने ये बातें कहीं। रिव्यू में मिनिस्ट्री ने कहा, 'पिछली दो तिमाहियों में रफ्तार के बाद भारत की इकनॉमिक ग्रोथ वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 6 तिमाहियों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। लगातार तीसरी बार यह 8 प्रतिशत से अधिक रही। मजबूत डिमांड से मैन्युफैक्चरिंग और कंस्ट्रक्शन एक्टिविटी बढ़ी। इससे तीसरी तिमाही में त्रष्ठक्क ग्रोथ को रफ्तार मिली।'



मंथली रिव्यू में कहा गया, 'इंफ्लेशन लगातार छठे महीने आरबीआई के कंफर्ट जोन में बनी हुई है। कोर इंफ्लेशन घट रही है। इससे बड़े दायरे में कीमतें घटने का पता चल रहा है।' कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित रिटेल इंफ्लेशन फरवरी में 5.09 प्रतिशत के आंकड़े के साथ 4 महीनों के निचले स्तर पर चली गई थी। हालांकि फूड इंफ्लेशन सालभर पहले के 5.9 प्रतिशत के मुकाबले 8.66 प्रतिशत पर थी। फरवरी में अनाज की महंगाई दर 7.6 प्रतिशत रही, वहीं दालों के दाम 18.9 प्रतिशत ऊपर रहे। सरकार ने आरबीआई को इंफ्लेशन 2 से 6 प्रतिशत के दायरे में रखने का जिम्मा दिया है।

**प्राइवेट कंजम्पशन डिमांड मजबूत-** मिनिस्ट्री ने कहा, 'एयर पैसिजर ट्रैफिक बढ़ने, पैसेंजर गाड़ियों की ज्यादा बिक्री होने, डिजिटल पेमेंट बढ़ने और बेहतर कंज्यूमर कॉन्फिडेंस से पता चलता है कि प्राइवेट कंजम्पशन डिमांड मजबूत हो रही है। छोटे शहरों और कस्बों में घरों की मांग बढ़ रही है। इससे कंस्ट्रक्शन एक्टिविटी तेज होगी।'

**ग्लोबल इनवेस्टर्स का भरोसा बढ़ा-** मिनिस्ट्री ने कहा, 'जियोपॉलिटिकल रिस्क, कमोडिटी प्राइसेज में उतार-चढ़ाव और ब्याज दरों में बढ़ोतरी के वैश्विक माहौल के बावजूद इंडियन कैपिटल मार्केट्स ने दमदार ग्रोथ दर्ज की है। इंडियन इकॉनमी के फंडामेंटल्स पर ग्लोबल इनवेस्टर्स का भरोसा बढ़ रहा है।'


**रोजगार के मोर्चे पर पॉजिटिव ट्रेंड्स-** रिव्यू में कहा गया, 'इन्फ्लेशन स्टेबल है। इनवेस्टमेंट का हाल अच्छा है। रोजगार के मोर्चे पर पॉजिटिव ट्रेंड्स दिख रहे हैं। ऐसे में वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2025 भारत के लिए अच्छा रहने का अनुमान है।'

**यहां रखनी होगी नजर-** मंत्रालय ने कहा, 'इंटरनैशनल कमोडिटी प्राइसेज में नरमी से मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट घटने और नेट सर्विसेज रिसीट बढ़ने से एफवाय24 में करंट एकाउंट बैलेंस सुधरने की उम्मीद है, लेकिन वित्त वर्ष 2025 में करंट एकाउंट डेफिसिट पर नजर रखनी होगी। साथ ही, नए कारखानों और उद्यमों में प्राइवेट सेक्टर इनवेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए हाउसहोल्ड सेविंग्स बढ़ानी होंगी।'

## भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने लगाई ऊंची छलांग, बढ़ गया खजाना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह धनवर्षा हुई है। 15 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.49 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे उच्च स्तर है। सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 6.396 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई।

**आरबीआई की रिपोर्ट की खास बातें-** भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि एक सप्ताह पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.095 अरब डॉलर हो गया था। कुल मिलाकर देखें तो बीते दो हफ्तों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 16.86 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स यानी विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 6.034 अरब डॉलर बढ़कर 568.386 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। फॉरेन करेंसी एसेट्स को विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माना जाता है।



**भारत का गोल्ड रिजर्व 42.5 करोड़ डॉलर बढ़ा-** भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी भी दी कि 15 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के गोल्ड रिजर्व की कीमत 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गई है। रिजर्व बैंक ने बताया कि इस दौरान एसडीआर में भी बढ़ोतरी देखने को मिली, जो कि 6.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.276 अरब डॉलर हो गया है।

उधर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा (फॉरेक्स रिजर्व) 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.689 अरब डॉलर हो गया है।

## बिना पर्याप्त आराम किए फ्लाइट उड़ा रहे थे पायलट, एयर इंडिया पर 80 लाख का लगा जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एयरलाइन कंपनियों को रेग्युलेट करने वाले संस्था डीजीसीए ने टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर एक बार फिर जुर्माना लगाया है। इस बार एयर इंडिया को जुर्माने के तौर पर 80 लाख रुपये देने होंगे। बीते फरवरी महीने में एयर इंडिया पर व्हील चेयर से जुड़े नियम उल्लंघन को लेकर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगा था। आरोप था कि एयर इंडिया के कर्मचारियों ने 80 वर्षीय यात्री को व्हीलचेयर नहीं दी थी। इसके बाद यात्री की मौत हो गई थी।

**अब क्या लगा है आरोप-** एयर इंडिया पर ताजा जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था। इस दौरान जमा किए गए सबूतों के आधार पर यह फैसला किया गया है।

**नहीं मिला पर्याप्त आराम-** नियामक ने कहा- रिपोर्टों और सबूतों के विश्लेषण से पता चला कि एयर इंडिया लिमिटेड ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी। बयान के मुताबिक एयरलाइन ने चालक दल को पर्याप्त साप्ताहिक आराम और लंबी उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त आराम देने में कोताही बरती।

नियामक ने एक मार्च को उल्लंघनों के संबंध में एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस नोटिस पर एयरलाइन के जवाब को संतोषजनक नहीं पाया गया।

## रतन टाटा से पहली ही मुलाकात में मिल गया मंत्र, करोड़ों की कंपनी बनाई और पलटकर नहीं देखा!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गौरव कुशवाहा ने कारोबार जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। वह सिर्फ ब्लूस्टोन जूलरी के संस्थापक और सीईओ नहीं हैं। अलबत्ता, वह विजनरी भी हैं जिन्होंने ऑनलाइन जूलरी करोबार में भरपूर संभावनाएं देखीं। वह जोखिम लेने से बिल्कुल नहीं कतराते। उनके पास ऐसे व्यवसाय बनाने की क्षमता है जो न सिर्फ प्रॉफिटेबल हों, बल्कि आमूलचूल बदलाव करने वाले भी। उनकी कंपनी को रतन टाटा और जेरोधा जैसे कारोबारी दिग्गजों का साथ मिला हुआ है।

**करीब चार साल अमेजन में काम किया-** गौरव की यात्रा असाधारण रही है। उन्होंने 27 साल की छोटी उम्र में उद्यमिता में कदम रख दिया था। साल 2006 में उन्होंने अपनी पहली वेबसाइट लॉन्च की थी। ब्लूस्टोन की शुरुआत करने से पहले गौरव ने अमेजन के साथ चार साल से ज्यादा समय तक काम किया। गौरव ने ब्लूस्टोन जूलरी की नींव 2011 में रखी थी। बेंगलुरु की कंपनी न केवल उद्योगपति रतन टाटा से निजी निवेश हासिल करने में कामयाब रही। अलबत्ता, वह आभूषण बाजार में एक प्रमुख प्लेयर भी बन गई है।



**रतन टाटा से मुलाकात -** गौरव की रतन टाटा से मुलाकात का किस्सा दिलचस्प है। जब गौरव पहली बार मुंबई में रतन टाटा से मिले तो टाटा ने बातचीत की शुरुआत की। गौरव न सिर्फ निवेश चाह रहे थे बल्कि दिग्गज बिजनेसमैन से कुछ सीखना भी चाहते थे। गौरव को रतन टाटा की सलाह सरल लेकिन गहरी थी। उन्होंने ग्राहकों के लिए वैल्यू क्रिएट करने के साथ बेहतरीन प्रोडक्ट, सर्विस और कल्चर के निर्माण के महत्व पर जोर दिया था। यह सलाह ब्लूस्टोन जूलरी में गौरव और उनकी टीम के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत रही है।

**कंपनी ने की शानदार ग्रोथ-** कंपनी ने अपनी स्थापना के बाद से शानदार ग्रोथ की है। इसे पिछले साल जेरोधा के संस्थापक निखिल कामथ से 100 करोड़ रुपये का निवेश मिला था। ब्लूस्टोन के मुंबई और जयपुर में भी मैन्यूफैक्चरिंग सेंटर हैं। नए और पुराने निवेशकों से कई दौर की फंडिंग के साथ ब्लूस्टोन का वैल्यूएशन पिछले साल लगभग 3,650 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

ब्लूस्टोन जूलरी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिये करीब 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। यह कदम उसे संभावित रूप से टाइटन के तनिष्क, कल्याण ज्वैलर्स और सेनको गोल्ड जैसी लिस्टेड दिग्गज कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा के मैदान में खड़ा कर देगा। अन्य शहरों के अलावा ब्लूस्टोन के मुंबई और जयपुर में मैन्यूफैक्टरिंग हब हैं।

## 3 महीने पहले 524 रुपये पर आया आईपीओ, अब 1300 रुपये के पार शेयर, सचिन तेंदुलकर के पास 4.5 लाख शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर शुक्रवार को 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 1332.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। लगातार दूसरे दिन आजाद इंजीनियरिंग के शेयर अपर सर्किट पर रहे हैं। आजाद इंजीनियरिंग के बोर्ड ने गुरुवार को हुई मीटिंग में 2 सहायक कंपनियों को मंजूरी दे दी है। आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1465 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 641.95 रुपये है।

**3 महीने में शेयरों ने किया मालामाल-** आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ 524 रुपये के दाम पर आया था। कंपनी का आईपीओ 20 दिसंबर 2023 को खुला था। कंपनी के शेयर 28 दिसंबर 2023 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 710 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग के बाद से कंपनी के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर 22 मार्च 2024 को 1332.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। इस साल अब तक आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों में करीब 95 पर्सेंट की तेजी आई है। साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2024 को कंपनी के शेयर 683.45 रुपये पर थे, जो कि 22 मार्च 2024 को 1332.30 रुपये पर पहुंच गए हैं।



**सचिन तेंदुलकर के पास हैं 4.5 लाख शेयर-** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों पर दांव लगाया हुआ है। सचिन तेंदुलकर ने आईपीओ से पहले कंपनी के शेयरों पर 5 करोड़ रुपये लगाए थे। तेंदुलकर के पास कंपनी के 4.5 लाख के करीब शेयर हैं। सचिन तेंदुलकर को शुरुआत में 3423 रुपये प्रति शेयर के दाम पर 14607 शेयर इश्यू किए गए थे। आईपीओ से पहले कंपनी ने स्टॉक स्प्लिट किया और बोनस शेयर भी दिए। इसके बाद सचिन तेंदुलकर के पास 4.5 लाख के करीब शेयर हो गए हैं। सचिन तेंदुलकर के अलावा क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण, बॉक्सिंग चैंपियन निखत जरीन, बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और पीवी सिंधू ने भी कंपनी पर दांव लगाया हुआ है। आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ 83 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

## जब बेटी की चोट ने आनंद महिंद्रा को दी सीख, कारोबार में भी आजमाते हैं ये फॉर्मूला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अकसर देखा गया है कि देश के कारोबारी, नेता या सेलिब्रेटी इलाज के लिए देश की बजाए विदेश का रुख करते हैं। अपनी बेटी के एक्सीडेंट के मामले में महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भी कुछ ऐसा ही किया था। हालांकि, बाद में बेटी का सही इलाज एक भारतीय डॉक्टर ने ही किया। दरअसल, आनंद महिंद्रा ने अटल बिहारी



वाजपेयी स्मृति व्याख्यान में अपनी बेटी के एक हादसे से जुड़ा किस्सा सुनाया है। इस किस्से के जरिए उन्होंने ये बताने की कोशिश की है कि कैसे समस्या के समाधान के लिए अपने आसपास पर गौर करना चाहिए। आनंद महिंद्रा ने उस घटना का जिक्र किया जब उनकी बेटी के हाथ में चोट लग गई थी। इसके लिए माइक्रोसर्जरी की आवश्यकता पड़ी थी। उन्होंने कहा कि भले ही मैंने इलाज के लिए पेरिस और लंदन के प्रसिद्ध सर्जनों का रुख किया लेकिन सफल ऑपरेशन अंततः मुंबई के एक सर्जन डॉ जोशी द्वारा किया गया। आनंद महिंद्रा ने कहा कि सर्जरी के बाद मेरी बेटी के नाखून में हुक लगाने की जरूरत थी, जिसे डॉ. जोशी ने बेहद बारीकी से लगाया। इससे उनकी बेटी को अपनी उंगलियां मूव कराने में मदद मिली।

**क्या मिली सीख-** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा, मैंने यह कहानी इसलिए कही है और इसे दोहराया है क्योंकि इसने मुझे सबक मिली। हम अपने आसपास समाधान की तलाश करें, ये आप ना सोचें कि सबसे अच्छा समाधान विदेश में है। इसका मुझ पर और मेरे करियर पर भी प्रभाव पड़ा। मैं घरेलू तकनीक पर आधारित व्यवसाय में बड़े निर्णय लेने और बड़े दांव लगाने की बात आने पर हिचकिचाता नहीं हूं।

## होली के त्योहार में कारोबारी मस्त, देश भर में 50000000000000 रुपये का कारोबार!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** त्योहार और कारोबार का सीधा संबंध होता है। चाहे किसी भी धर्म का कोई भी त्योहार हो, बाजार में कुछ वस्तुओं और सेवाओं की मांग बढ़ती है। इससे इकोनॉमी को नया बल मिलता है। अब होली को ही देख लें। इस वर्ष होली के त्यौहार से दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों में एक नई उमंग और उत्साह का संचार हुआ है। इस होली जिस तरह से लोग सामान खरीद रहे हैं, उसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले देश भर के व्यापार में लगभग 50 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। अकेले दिल्ली में ही करीब पांच हज़ार करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना है।

आमतौर पर होली में लोग पुए-पकवान, गुजिया, दही वड़ा, पकोड़ी आदि बनाने के लिए ही सामान खरीदते हैं। इन सामानों के लिए मैदा, सूजी, बेसन, चीनी, सूखे मेवे,



मसाले आदि खरीदे जाते हैं। हां, होली के अवसर पर बच्चों के खेलने के लिए पिचकारी अवश्य खरीदी जाती है। इन सब सामानों में चीन की भागीदारी नहीं के बराबर है। छोटे कारोबारियें के संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का कहना है कि पिछले वर्षों की तरह चीनी सामान का न केवल व्यापारियों ने बल्कि आम लोगों ने भी पूर्ण बहिष्कार किया है। संगठन का दावा है कि पहले होली से जुड़े सामानों का देश में आयात लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का होता था, जो इस बार बिल्कुल नगण्य रहा है।

**नए तरह की पिचकारियां-** इस बार बाजार में अलग-अलग तरह की पिचकारी गुब्बारे और अन्य आकर्षक आइटम आए हैं। प्रेशर वाली पिचकारी 100 रुपये से 350 रुपये तक की उपलब्ध है। टैंक के रूप में पिचकारी 100 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में उपलब्ध है। हथौड़े और टैंक के रूप में भी पिचकारी दिख रही है। इसके अलावा फैंसी पाइप की भी बाजार में धूम मची है। बच्चे स्पाइडर मैन, छोटा भीम आदि को बच्चे खूब पसंद कर रहे है वहीं गुलाल के स्प्रे की मांग बेहद हो रही है।

### बैंक्वेट हॉल में भी होली का आयोजन

गली-मोहल्लों में अब उतनी खुली जगह नहीं बची, जितनी पहले होती थी। तभी तो अब शादियां बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस और होटलों में होने लगी। इसी तरह कुछ अमीर-उमरा लोग अब होली समारोहों के आयोजन के लिए भी बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस, होटलों , रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक पार्कों में होली समारोह का आयोजन कर रहे हैं। खंडेलवाल का कहना है कि इस सेक्टर ने दो वर्ष के बाद अच्छे व्यापार के दिन देखे हैं। सिर्फ दिल्ली की बात करें तो इस जगह छोटे-बड़े, कुल मिलाकर तीन हज़ार से ज़्यादा होली मिलन समारोह आयोजित हो रहे हैं। इसमें लोग मिलते-जुलते हैं, होली खेलते हैं और खाना-पीना करते हैं।

### कब है होली

खंडेलवाल ने बताया कि दिल्ली में इस बार 24 मार्च को होली जलाई जाएगी जबकि रंगों का पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा। होली के रंग में बाजार भी रंगे हुए नजर आने लगे हैं। बाजार में रंग बिरंगे गुलाल और पिचकारी के अलावा गुजिया के हार और मेवा से दुकानें सजी हुई है। बाजार में खरीददारी के लिए लोगों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

### इस बार बाजार में क्या बिक रहे हैं

कैट के महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि इस बार होली की त्योहारी बिक्री में चीन का बने हुए सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने बहिष्कार किया। इस समय बाजार में भारत में ही निर्मित हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन , पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामानों की जमकर बिक्री हो रही है। इसके साथ ही गुजिया जैसी मिठाइयां, ड्राई फ्रूट , गिफ्ट आइटम्स, फूल एवं फल, कपड़े , फ़र्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्युरेबल्स सहित अन्य अनेकों उत्पादों की भी ज़बरदस्त मांग बाज़ारों में दिखाई दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजे बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर हमला, 20 लड़कों ने ईंट-पत्थर बरसाए; एसआई की यूनिफॉर्म फाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद के सेक्टर-86 में गुरुवार देर रात डीजे को बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर करीब 20 युवकों ने हमला कर दिया। युवकों ने जमकर ईंट-पत्थर बरसाए। पुलिस की सरकारी गाड़ी भी तोड़ दी। हमले में तीन पुलिसकर्मियों को चोटें आई। एक उप-निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) की वर्दी फाड़ दी गई। खेड़ीपुल थाना की पुलिस मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार खेड़ीपुल थाना में तैनात उप-निरीक्षक कृष्ण ने अपनी शिकायत में बताया कि गुरुवार रात वह ड्यूटी पर थे। इस दौरान रात करीब 12.20 बजे एक सूचना मिली कि सेक्टर-86 स्थित रॉयल स्वीमिंग पूल पर 15-20 लड़के शराब पी रहे हैं। तेज आवाज में डीजे बजाकर शोर कर रहे हैं। इससे आसपास रह रहे लोगों को दिक्कत हो रही है। उप-निरीक्षक कृष्ण के अनुसार सूचना मिलते ही वह अपनी टीम में शामिल कांस्टेबल मोहित, एसपीओ महाबीर के साथ ईआरवी से मौके पर पहुंचे। डीजे बंद करने को कहा तो युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उप निरीक्षक पर पर लात-घूसे बरसाने लगे। तत्काल ड्यूटी अधिकारी अय्यूब खान को सूचना दी। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया है कि स्वीमिंग पुल को किराये पर अमन नामक युवक चला रहा है। पीड़ित ने उस पर भी कार्रवाई करने की मांग की है। खेड़ीपुल थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों को काबू किया गया है। बांकी की तलाश की जा रही है। आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच और थाना की टीम जुटी है। आरोपियों ने पुलिस पर दबाव बनाने के लिए ईंट-पत्थर बरसाने लगे। इसमें उप-निरीक्षक कृष्ण, कांस्टेबल मोहित और एसपीओ महाबीर को चोटें आईं। इसके बाद सभी ने पुलिस को सूचना देकर और पुलिस कर्मियों को बुलाया। तबतक आरोपी ईंट-पत्थर बरसाते हुए मौके से फरार हो गए। खेड़ीपुल थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आखिरकार तुम कामयाब हो गए....नोट लिख फंदे पर झूली महिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के राहुल विहार में ससुरालियों के तानों से परेशान महिला ने गुरुवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जान देने से पहले महिला ने सुसाइड नोट में आपबीती लिखी। क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस का कहना है कि पति और सास-ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मूलरूप से सहारनपुर के रहने वाले राजपाल क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र के राहुल विहार इलाके में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी शादीशुदा बेटी शुभांषी भी घर से कुछ दूरी पर अपनी ससुराल में रहती थी। राजपाल का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2015 में बेटी शुभांषी की शादी अशोक के साथ की थी। अशोक का भाई धर्मेन्द्र पूर्व पार्षद है। शादी के नौ वर्ष बीत जाने के बावजूद शुभांषी के कोई संतान नहीं थी। जिसके चलते ससुराल पक्ष के लोग उसे ताने मारते थे तथा साथ ही दहेज के लिए भी उसे प्रताड़ित करते थे। इन्हीं कारणों से शुभांषी डिप्रेशन में चली गई थी। गुरुवार रात शुभांषी ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। जानकारी होने पर पति और ससुराल पक्ष के लोग उसे फंदे से उतार कर नोएडा स्थित फोर्टिस अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम नोएडा पुलिस द्वारा कराया गया है। जिसमें शुभांषी द्वारा फांसी लगाए जाने की पुष्टि हुई है। एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि मृतका के पिता राजपाल की शिकायत के आधार पर पति अशोक कुमार, सास महेंद्री देवी, ससुर दौलतराम, जेठ धर्मेन्द्र, जेठानी मीनल और देवर दीपक कुमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, शुभांषी के पति अशोक ने घटना की जानकारी दी और एक सुसाइड नोट भी पुलिस को सौंपा। इसमें शुभांषी ने लिखा है कि वह कई दिनों से तनाव में थी। संतान न होना जीवन का सबसे बड़ा दुख है। संतान न होने को लेकर ससुराल वाले और खासतौर पर जेठानी तंज कसती रहती थीं। परिजनों के मुताबिक अशोक काफी समय से बेरोजगार था। हाल ही में उसकी नौकरी लग गई थी।

# गाजियाबाद से सिर्फ एक बार महिला बनी सांसद, भाजपा ने कभी नारी शक्ति को नहीं दिया टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूं तो हर राजनीतिक दल देश की सियासत में महिला आरक्षण की वकालत करता है, मगर जिक्र जब गाजियाबाद लोकसभा सीट का हो तो ये बात पूरी तरह बेमानी साबित होती है। आजादी के बाद से अबतक हुए लोकसभा चुनावों में केवल एक बार ही कांग्रेस की कमला चौधरी ने बतौर सांसद जिले का प्रतिनिधित्व किया है, जबकि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा से कभी किसी महिला को मैदान में नहीं उतरने का मौका नहीं मिला। देश की आजादी के बाद इस सीट पर अबतक 16 लोकसभा चुनाव हुए हैं।

शुरुआती दौर से ही गाजियाबाद सीट पर पहले कांग्रेस और फिर भाजपा का दबदबा रहा है, जो अभी तक कायम है। इन 16 चुनावों में से सिर्फ एक बार ही कांग्रेस की कमला चौधरी ने भारतीय संसद में बतौर सांसद गाजियाबाद का प्रतिनिधित्व किया है। भाजपा के अलावा कई दलों ने महिलाओं को लोकसभा चुनाव मैदान में उतारा, मगर किसी को भी जीत नसीब नहीं हुई। गाजियाबाद से पहली और अबतक की आखिरी महिला सांसद होने का गौरव कमला चौधरी के ही नाम है। कमला



चौधरी 1962 में चुनाव जीतकर सांसद बनीं थीं। सबसे पहला चुनाव 1957 में हुआ तब गाजियाबाद सीट हापुड़ लोकसभा के नाम से हुआ करती थी। 1957 में हुए चुनावों में इस सीट से कांग्रेस के कृष्ण चंद्र सांसद बने। उसके बाद 1962 में हुए दूसरे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने कमला चौधरी को मैदान में उतारा। इस चुनाव में अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय नसीम मोहम्मद को 28,633 वोट से मात देकर कमला चौधरी सांसद बनीं। उस समय कमला चौधरी को 81,999 और नसीम मोहम्मद को 53,366 वोट मिले।

1967 के अगले चुनावों में कांग्रेस ने एक बार फिर कमला चौधरी पर दांव खेला, मगर निर्दलीय प्रकाश वीर शास्त्री से हार गईं। इसके बाद 1971,1977 और 1980 में किसी भी दल ने महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया। इसके बाद भी लगभग ऐसी ही स्थिति रही। अबतक हुए आधे से ज्यादा चुनावों में सत्ता संग्राम के इस चुनावी मैदान में महिलाओं को उतारना किसी भी दल ने मुनासिब नहीं समझा। साल 1996 में कांग्रेस की रीता चौधरी समेत तीन महिलाएं मैदान में थी, मगर जीत भाजपा के डॉ. रमेश चंद्र तोमर को मिली। 1998, 1999 और 2004 में हुए चुनावों में भी प्रमुख दलों से कोई महिला उम्मीदवार नहीं रहीं। 2004 तक जो सीट हापुड़ के नाम से थी वह परिसीमन के बाद 2009 में गाजियाबाद नाम से हो गई। इसके बाद 2014 में आम आदमी पार्टी से शाजिया इल्मी और 2019 में कांग्रेस की डॉली शर्मा चुनाव लड़ीं मगर जीत नहीं मिली।

गाजियाबाद में कुल 29,38,845 मतदाता हैं। इसमें 16,22,869 पुरुष और 13,15,782 महिलाएं हैं। इस हिसाब से पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में बहुत अंतर नहीं है, मगर फिर भी प्रमुख दलों ने टिकट देने के मामले में महिलाओं को हाशिए पर रखा। यहां तक की देश के सबसे बड़े सत्तासीन दल भाजपा ने तो एक बार भी गाजियाबाद सीट से किसी महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया। कांग्रेस से मौके मिले, मगर जीत नहीं। जिन दूसरे दलों ने महिलाओं को टिकट दिया उन्हें भी जीत नसीब नहीं हुई। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) के टिकट पर गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए अभी तक कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। हालांकि कौन प्रत्याशी होगी इसका अंतिम फैसला पार्टी मुख्यालय से होगा। कयास लगाए जा रहे है कि पार्टी इस बार अपने मूल कैडर वोट के सहारे मैदान में उतरेगी।

## देश की पहली लिथियम खदान छत्तीसगढ़ के कोरबा में, यहां 80 फिट नीचे मिला लिथियम का भंडार

**कोरबा, एजेंसी।**
देश में पहली बार लीथियम खदान खुलने जा रही है यह खदान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में खोली जा रही है। कोरबा जिले के ग्राम घुचापुर के आसपास के 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लिथियम पाए जाने की पुष्टि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने की थी। इस इलाके में लिथियम पाए जाने के बाद केंद्रीय खान मंत्रालय ने नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस खदान को कमर्शियल माइनिंग के क्षेत्र में रखा गया है। जिसके तहत खदानों को निलामी करते हुए केंद्र सरकार निजी कंपनी को सौंपती है। छत्तीसगढ़ के कटघोरा के लिथियम ब्लॉक के लिए कई कंपनी ने बोली लगाई है। इनमें ओला, वेदांता, जिंदल, श्री सीमेंट, अडाणी समूह, अल्ट्राटेक सीमेंट सहित कई बड़ी कंपनियां शामिल है।

कटघोरा में खुला पहला लिथियम खदान

छत्तीसगढ़ के कोरबा में लीथियम की पुष्टी के बाद से लगातार लीथियम खदान के खुलने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। माना जा रहा था यह कार्य साल 2024 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। अब केंद्रीय खान मंत्रालय ने नीलामी



की प्रक्रिया शुरू कर दिया है। इस प्लांट को लेकर अभी सफल बोलीदाता का नाम सामने नहीं हैं। इस प्रक्रिया के बाद लिथियम के कटघोरा लिथियम ऋश्वश्व ब्लॉक के लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया जा रहा है। जिसे लेकर परीक्षण और खनन दोनों का ही अधिकार शामिल किया जाएगा। बतादें कि छत्तीसगढ़ के कटघोरा में पहला लीथियम प्लांट लगाने के साथ ही कश्मीर के रियासी में भी लिथियम ब्लॉक की शुरुआत की जा रही है। इन दोनों जगहों को लेकर नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले इसको लेकर नीलामी में लगाई बोली में समुचित बोलीदार आगे नहीं आए, जिसके कारण एमएसटीसी पोर्टल पर चल रही इसकी ऑनलाइन नीलामी को रोक दिया गया था। बतादें कि लिथियम की खदान शुरू होने पर कोरबा ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश में भी समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। यह इलाका मैदानी है, जिससे यहां कई सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था भी अच्छी है। यही कारण है कि यह निवेशकों के लिए भी आदर्श राज्य माना गया।

## हिमाचल में उपचुनाव के नतीजों पर टिकेगा सुक्खू सरकार का भविष्य

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार से नाखुश चल रहे तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे ने पहाड़ी राज्य की सियासत में फिर गर्माहट ला दी है। हमीरपुर से आशीष शर्मा, नालागढ़ से केएल ठाकुर और देहरा से होशियार सिंह भाजपा का दामन थामेंगे। हालांकि विधानसभा स्पीकर ने अभी तक इनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। भाजपा इन्हें अपना उम्मीदवार घोषित कर उपचुनाव लड़ाएगी। कांग्रेस से बागी हुए छह विधायक पहले ही अयोग्य ठहराए जा चुके हैं। उनकी भी भाजपा में शामिल होने की तैयारी है। जून को होंगे। माना जा रहा है कि केंद्रीय चुनाव आयोग इन सीटों पर (निर्दलीय विधायकों के सीट पर) भी लोकसभा चुनाव के साथ पहली जून को उपचुनाव करवाएगा। इस तरह नौ सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर कांग्रेस की सुक्खू सरकार का भविष्य टिका है। उपचुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अग्निपरीक्षा होगी। नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के परिणाम विधानसभा का समीकरण बदल सकते हैं। विधानसभा




की 68 सीटों में कांग्रेस के पास 34 और भाजपा के पास 25 सीटें हैं। जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होगा, अगर वो मोदी लहर में भाजपा जीतती है तो भाजपा के विधायकों की संख्या बढ़कर 34 हो जाएगी और वो मजबूत स्थिति में आ जाएगी। रोचक बात यह है कि विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 35 है। कांग्रेस महज एक जीत से इस आंकड़े को छू लेगी। हालांकि सभी नौ सीटें गंवाने पर विधानसभा में कांग्रेस सरकार पर तलवार लटकी रहेगी। इस उपचुनाव के नतीजे तय करेंगे कि सरकार पर खतरा बढ़ेगा या टलेगा। पिछले एक माह में राज्य में घटे सियासी घटनाक्रम पर नजर डालें तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले कांग्रेस कमजोर दिखाई दे रही है। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के सभी बड़े नेता गुटबाजी से इतर भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की कवायद में एकजुट थे।



## गाजा के हालात पर ईरानी विदेश मंत्री और हमास नेता के बीच हुई फोन पर बात

**तेहरान, एजेंसी।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि दो दिन पहले गाजा में हुई घटनाओं पर ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और हमास नेता इस्माइल हनियेह ने फोन पर बातचीत की। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हनियेह ने शुक्रवार को गाजा में हुए घटनाक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसके अलावा उन्होंने उत्तरी गाजा की मानवीय स्थिति को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल गाजा को मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की जरूरत है। इसके अलावा तटीय क्षेत्र में इजराइल की वजह से पैदा हुई भुखमरी से निपटने के लिय बाकायदा नीति तैयार करनी होगी। हमास नेता ने युद्धविराम पर पहुंचने और बंदियों की अदला-बदली के लिए हमास की शर्तों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह फ़िलिस्तीनियों की वैध मांग पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इज़राइल इस प्रक्रिया में बाधा डाल रहा है। अपनी ओर से अमीर-अब्दुल्लाहियन ने हमास नेता को फिलिस्तीनियों को ईरान का समर्थन और राजनयिक प्रयासों के बारे में जानकारी दी, जिसमें गाजा और फिलिस्तीन मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय बैठकों में देश की सक्रिय भागीदारी भी शामिल है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से फिलिस्तीनियों की लगातार हो रही हत्या पर अंकुश लगाने की दिशा में कदम उठाने की अपील की। गाजा में लगातार महिलाओं और बच्चों को मौत के घाट उतारा जा रहा है।

## श्रीलंका को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देगा भारत

**कोलंबो, एजेंसी।** भारत ने एक बार फिर से श्रीलंका की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। दरअसल श्रीलंका के बौद्ध शहर अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं को तैयार किया जाना है। इस वजह से श्रीलंका ने भारत से अतिरिक्त आर्थिक मदद की मांग की थी। भारत ने भी श्रीलंका की इस मांग को समझा और आर्थिक सहयोग किया। भारतीय




उच्चायोग ने कहा है कि भारत ने श्रीलंका के अनुराधापुरा के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने 21 मार्च को अपने समकक्ष श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ पत्रों का आदान-प्रदान किया। आपस में बातचीत के बाद अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए गए। 15 करोड़ रुपये की यह धनराशि अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने गाजा में चार नागरिकों पर हुए हमले की जांच का आह्वान किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने उस ड्रोन फुटेज की जांच का आह्वान किया है जिसमें गाजा में चार नागरिकों पर इजरायली हमले को दिखाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा, महासचिव उस वीडियो से बहुत परेशान हैं जिसमें कथित तौर पर गाजा में चार फिलिस्तीनियों को इजरायली हवाई हमलों में मारा गया था। निहत्थे चलते नागरिकों को निशाना बनाया गया था। फरहान हक ने कहा, एंटोनियो गुटेरेस ने इन घटनाओं की गहन, स्वतंत्र और विश्वसनीय जांच का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि युद्ध के सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट से मिले वीडियो में देखा गया कि चार लोग निहत्थे रोड पर चल रहे थे। एक इजरायली ड्रोन ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें दो लोग मौके पर मौत हो गई। वहीं एक जिंदा बचे व्यक्ति को भागने का प्रयास करते देखा गया। दूसरे हमले में वह भी मारा गया। जबकि, दूसरे अन्य व्यक्ति को रोड पर लड़खड़ाते हुए देखा गया, उस पर एक और मिसाइल हमला हुआ जिसमें उसकी भी मौत हो गई।

## जाफना के किसानों को राष्ट्रपति विक्रमसिंघे का तोहफा, खेती के लिए मिली 234 एकड़ जमीन

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के तमिल बहुल क्षेत्र जाफना के किसानों को लंबे समय के बाद बड़ी राहत मिली है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को जाफना के किसानों के लिए 234 एकड़ जमीन जारी कर दी है। यह जमीन पहले जाफना सुरक्षा बल मुख्यालय के पास थी।

यह जमीन जाफना के पांच ग्राम नीलाधारी डिविजन में किसानों को खेती के लिए जारी की गई है। दरअसल श्रीलंका में उरुमाया नाम का राष्ट्रीय कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत योग्य किसानों को खेती के लिए मुफ्त में जमीन का मालिकाना हक (फ्री होल्ड डीड) दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार करीब 20 लाख लोगों मालिकाना हक वितरित किया जाएगा। उरुमाया कार्यक्रम के तहत ही जाफना के ओडकापुलम में एक समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 408 लोगों को प्रतीकात्मक रूप से मुफ्त में जमीन का मालिकाना हक दिया गया।

## नेपाल में निवेश बढ़ाने के लिए लुंबिनी कॉनक्लेव का आयोजन

**लुंबिनी, एजेंसी।**
नेपाल के लुंबिनी में 21 और 22 मार्च को वैश्विक शांति और समृद्धि पर आधारित लुंबिनी कॉनक्लेव का आयोजन किया गया। इस कॉनक्लेव में भारत और नेपाल में तैनात विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन नेपाल में निवेश को बढ़ाने और पर्यटन की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए किया गया।

नेपाल में निवेश पर जोर

नेपाल के विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने बताया कि नेपाल में निवेश के लिए बेहतर माहौल तैयार करना है और सरकार इसके लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर फोकस करेगी। इसके लिए नेपाल निवेश बोर्ड द्वारा कॉनक्लेव



में अपनी प्रस्तुति दी गई। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए हम अलग अलग देशों के राजदूतों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि हमने अगले महीने होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए सरकारी प्रतिनिधियों, कंपनियों और निजी निवेशकों को नेपाल में निवेश के लिए आमंत्रित किया है।

'लुंबिनी के धार्मिक महत्व को उजागर करना था'

विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने आगे कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन दुनिया में बौद्ध धर्म को मानने वाले करीब एक अरब लोगों को लुंबिनी से जोड़ने के लिए किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य लुंबिनी के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को उजागर करना था।

19 देशों के राजदूतों ने लिया हिस्सा

भारत में नेपाल के राजदूत शंकर शर्मा ने कहा कि बुद्ध की जन्मस्थली में इस सम्मेलन का आयोजन विश्व में समृद्धि और शांति के लिए किया गया। यूक्रेन, सूडान, गाजा और कई देशों के बीच चल रहे आंतरिक और बाहरी युद्धों को देखते हुए यह विषय चुना गया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में 19 देशों के राजदूतों ने भाग लिया। भागीदारी के आपसी सहयोग के दृष्टिकोण से यह आयोजन सफल रहा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129